

पेज- 8

राजस्थान में आज से डिप्टी सीएम ...

# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की



हरियाणा के खिलाड़ियों को ...

पेज-8

■ वर्ष:1 ■ अंक: 34 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शुक्रवार ■ 13 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


## न्यूज डायरी

### कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर के खिलाफ फैसला टला



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पानीपत के समालखा से कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जारी गिरफ्तारी वारंट पर कल तक के लिए फैसला टल गया है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने 12 अक्टूबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। बता दें कि इस आदेश में कोर्ट ने कहा कि था कि छौक्कर व उनके बेटे रोजाना ईडी के सामने पेश होकर जांच में सहयोग देंगे। ईडी की तरफ से दलील दी गई थी कि छौक्कर जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई मुख्य याचिका के साथ 12 अक्टूबर तक स्थगित कर दी थी। गुरुग्राम कोर्ट ने करीब दो हफ्ते पहले ही तीनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे। गुरुग्राम कोर्ट ने ये आदेश श्रेष्ठ की याचिका पर दिए थे। छौक्कर और उनके दोनों बेटे श्रेष्ठ द्वारा बार-बार बुलाए जाने पर भी जांच में शामिल नहीं हुए थे।

### बाटला हाउस एनकाउंटर के दोषी की सजा उम्रकैद में बदली

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बाटला हाउस एनकाउंटर के दोषी आरिज खान को मिली फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और जस्टिस अमित शर्मा की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। बता दें कि आरिज खान इंडियन मुजाहिदीन का आतंकी है।

उस पर दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या का आरोप है। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने इस मामले में आरिज खान को 8 मार्च को दोषी करार दिया था। अदालत ने 14 मार्च 2021 को आरिज को फांसी की सजा सुनाई थी, तब कोर्ट ने कहा था कि यह क्राइम रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगरी का है। आरिज ने कोर्ट के इस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

पीएम ने कैलाश व्यू पॉइंट से किए आदि **कैलाश के दर्शन,** 4200 करोड़ की सौगात

# नया भारत नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है : नरेंद्र मोदी

### पीएम ने जागेश्वर धाम में लिया भगवान जागनाथ का आशीर्वाद

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने सीमावर्ती गांवों को अंतिम नहीं, बल्कि देश के पहले गांव के रूप में विकसित करना शुरू किया है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत, ऐसे ही सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये काम पहले की सरकारों द्वारा भी किया जा सकता था, लेकिन इन सरकारों ने इस डर से बॉर्डर एरिया का विकास नहीं किया कि कहीं दुश्मन इसका फायदा उठाकर अंदर ना आ जाए। आज का नया भारत नई सोच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। पीएम गुरुवार को उत्तराखंड का दौरे पर थे। यहां उन्होंने सबसे पहले पिथौरागढ़ में कैलाश व्यू पॉइंट से आदि कैलाश के दर्शन किए। फिर भारत-चीन सीमा से सटे गुंजी गांव गए। बाद में अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम पर माथा टेका।सबसे अंत उन्होंने पिथौरागढ़ में जनसभा को संबोधित किया।





### बुजुर्ग महिला ने दिया आशीर्वाद

चीन और नेपाल सीमा पर स्थित गांव गुंजी पहुंचने और ग्रामीणों से आत्मीयता से मिलने पर महिलाओं के खुशी में आंसू निकलने लगे। इस दौरान प्रधानमंत्री गांव के लोगों से मिले और उनसे बात की। गांव की बुजुर्ग महिला ने तो उनके सिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान अपनी मां के पीठ पर उन्हें देखने आए बच्चे को दुलारा तो एक बच्चे से हाथ मिलाया। अपने बीच पीएम को पाकर लोगों की खुशी ठिकाना ही नहीं रहा।

श्रीबाबा मस्तनाथ मठ में बोले **आरएसएस प्रमुख** मोहन भागवत

# सनातन सर्वत्र है, हमेशा बना रहेगा

## लोगों के लिए जो असंभव था, उसे भारत ने संभव कर दिया : योगी आदित्यनाथ

### बाबा मस्तनाथ मठ में आठमान भंडारा व शंखढाल, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं देश मेले का समापन हुआ

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सनातन सर्वत्र है, जो आत्मा के रूप में शरीर में निवास करता है। सनातन हमेशा बना रहेगा। संस्कृति व धर्म सनातन पर आधारित है। सनातन में सभी मतों व संप्रदायों का समावेश है। हमारे लिए देश, धर्म व संस्कृति ही सर्वोपरि है। मनुष्य को सत्य, पवित्रता, सामूहिक पुरुषार्थ व समर्पण को अपने आचरण में शामिल करने का संकल्प लेना चाहिए।

मोहन भागवत स्थानीय श्रीबाबा मस्तनाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी जी की स्मृति में शंखढाल व मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित संत समाज व भक्तों को संबोधित कर रहे थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा रामदेव ने योग और आयुर्वेद को नई पहचान दिलाने का काम किया। चांदनाथ योगी की समाधि और मंदिर के उद्घाटन समारोह में देश के महान साधु संतों ने शिरकत की है, जो गौरव की अनुभूति करवा रही है। वह गुरुवार को यहां अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में आठमान भंडारा व शंखढाल, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं देश मेले का समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम मे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय सनातन धर्म को मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सनातन संस्कृति को मजबूत किया है।




### सनातन उपचार है : स्वामी चिदानंद सरस्वती

स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन बीमारी नहीं, उपचार है। सनातन धर्म और संस्कृति का विश्व को समानता और एकता में बांधने में बड़ा योगदान है। सनातन तोड़ता नहीं बल्कि जोड़ता है।




### विश्व अब वहां चलेगा, जहां भारत चलेगा : रामदेव

योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि नाथ संप्रदाय की परंपरा से ही योग संभव है। उन्होंने स्वयं नाथ संप्रदाय से ही सब सीखा है। योगी आदित्यनाथ ने यूपी में हठयोग करके दिखाया है। बाबा मस्तनाथ मठ का नाथ संप्रदाय को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान रहा है।यहां चांदनाथ योगी की समाधि की नहीं बल्कि सनातन का यह गौरव है। सनातन में सभी जातियों का समावेश है। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सनातन धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम किया। भारत ऐसा देश, जिसने युद्ध नहीं बल्कि योग दिया है। भारत 2047 को महाशक्ति बनाने का इंतजार नहीं करना 2035 में आर्थिक और सामाजिक महाशक्ति संकल्प से बनाया जा सकता है। विश्व अब वहां चलेगा, जहां भारत चलेगा।

सीएम योगी के अनुसार लोगों के लिए जो असंभव था, उसे भारत ने संभव कर दिया। विश्व शांति की गारंटी सनातन हो सकता, भारत हो सकता है। दुनिया के लोग आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी की तरफ देख रही है। योगी ने कहा कि भारत श्रेष्ठ भारत बन रहा है, जो संतों के तप और चेतना का फल है। पूर्व, पश्चिम,उत्तर दक्षिण से साधु संत यहां पहुंचे हैं। यही सनातन संस्कृति है। सनातन धर्म में सभी जाति, धर्म और संस्कृति समायोजित है।

# सीबीआई ने पकड़ी 12वीं के छात्रों की फर्जी मार्कशीट




### सैकड़ों विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन रुका

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और हरियाणा की स्टेट क्राइम ब्रांच हरियाणा की जांच में 298 विद्यार्थियों की 12वीं क्लास की मार्कशीट फर्जी पाई गई है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी 12वीं क्लास की मार्कशीट के आधार पर पंजाब स्टेट टेक्निकल एजुकेशन बोर्ड (पीएसबीटीई) से फार्मेसी में डिप्लोमा किया था। इन सभी 298 विद्यार्थियों ने इसके आधार पर हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रेशन के लिए अप्लाई किया, लेकिन मार्कशीट के फर्जी होने की जानकारी के आधार पर फार्मेसी काउंसिल ने इन सभी विद्यार्थियों का पंजीकरण रोक दिया है। इससे विद्यार्थियों में आक्रोश है, लेकिन उनके आक्रोश को नजरअंदाज करते हुए फार्मेसी काउंसिल ने 27 अक्टूबर को काउंसिल की बैठक बुला ली है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल के पास करीब 700 और नये विद्यार्थियों ने पंजीकरण के लिए आवेदन किया। इन विद्यार्थियों ने पंजाब स्टेट टेक्निकल एजुकेशन बोर्ड से फार्मेसी में डिप्लोमा किया है। अब इन सभी को पंजीकरण से वंचित करने की तैयारी की जा चुकी है। आगामी 27 अक्टूबर को होने वाली फार्मेसी काउंसिल की बैठक में इन सभी 700 विद्यार्थियों को पंजीकरण से रोका जा सकता है। पूर्व के 298 और मौजूदा 700 विद्यार्थियों ने 12वीं की पढ़ाई टेक्निकल एजुकेशन बोर्ड छत्तीसगढ़ के विद्यालय और मध्य भारत ग्वालियर से पास की दिखाई है।

### कैसे पकड़ में आए


सीबीआई ने मध्य भारत ग्वालियर से 12वीं की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की मार्कशीट की जांच की, जबकि हरियाणा स्टेट क्राइम ब्रांच ने टेक्निकल एजुकेशन बोर्ड छत्तीसगढ़ के विद्यालय से पास आउट विद्यार्थियों की मार्कशीट की जांच की। जांच में दोनों एजेंसियों ने इन मार्कशीट को फर्जी पाया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच के बाद हरियाणा के मुख्य सचिव की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए कि मध्य भारत ग्वालियर की 12वीं क्लास की मार्कशीट को किसी भी पंजीकरण के लिए स्वीकार ना किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के विद्यालय द्वारा जारी मार्कशीट भी फर्जी हैं।

सैलजा के बयान पर **पूर्व सीएम ने** किया पलटवार

# चुनाव जीतने पर 4 डिप्टी सीएम जरूर बनाएंगे : हुड्डा


### चुनाव जीतने के बाद इस योजना को मेनिफेस्टो में लाया जाएगा

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



**पानीपत ।** हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के डिप्टी सीएम बनाने को लेकर कांग्रेस के भीतर मचा सियासी घमासान थम नहीं रहा है। गुरूवार को हुड्डा पानीपत की अनाज मंडी पहुंचे। यहां उनसे पूछा गया कि आपके 4 डिप्टी सीएम बनाने के बयान का कुमारी सैलजा ने खंडन कर दिया है।इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह मेनिफेस्टो में नहीं लेकिन हमारी योजना है। अब आगामी चुनाव जीतने के बाद इसे मेनिफेस्टो में भी लाया जाएगा और साथ ही 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जाएंगे।

### सूत न कपास, जुलाहे लठ्म-लट्ठा : धनखड़



**झज्जर।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनख आज झज्जर के गांव जहांगीरपुर पहुंचे। उन्होंने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल विजेता व महिला कबड्डी टीम की उप कप्तान प्रियंका कादयान के घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा चार डिप्टी सीएम बनाए जाने के बयान पर हरियाणवी अंदाज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि सूत न कपास जुलाहे लठ्म लट्ठा, टैक्सी है नहीं और सवारी बुक करने लग रहे हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनख ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोशन किया है। मैं प्रियंका कादयान के साथ-साथ एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले जिले के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे खिलाड़ी ऐसे ही मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन करते रहें। खिलाड़ी प्रियंका कादयान को पहले भीम अवॉर्ड मिल चुका है।

### यमुना में नहाने गए चार बच्चे डूबे, एक का शव मिला



**पानीपत।** जिले के सनौली कस्बे से गुजर रही यमुना नदी में नहाने गए चार नाबालिग बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि चारों पानी के तेज बहाव में बह गए। इसकी सूचना वहां खड़े अन्य लोगों ने तुरंत स्थानीय प्रशासन व कंट्रोल रूम नंबर पर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की टीम को बुलाया लिया संयुक्त रूप से टीम लापता लोगों की तलाश में जुट गई। इन प्रयासों से एक बच्चे का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान समीर के रूप में हुई है। समीर की मौत से उसकी मां सलमा को आघात पहुंचा कि उसकी गहरे सदम से मौत हो गई। पुलिस को बताया गया कि सनौली से साथ लगते गांव जालपाड़ के पांच लोग एक साथ स्नान कर रहे थे। इनमें से एक युवक यमुना किनारे पर ही था। जबकि चार अन्य पानी में काफी बीच तक चले गए थे। उन्हें वहां की गहराई नहीं पता थी और वे सभी डूब गए। पुलिस के अनुसार पानी में डूबे सभी नाबालिग हैं। ये सभी पड़ोस के गांव जालपाड़ के रहने वाले थे।

# इजराइल ने सीरिया व ईरान में हमास के ठिकानों पर बरसाए बम

### कल स्वदेश वापस लाए जाएंगे 230 भारत के नागरिक

**तेल अवीव,एजेंसी।**

गुरुवार को गाजा पट्टी के बाद इजराइल ने सीरिया और ईरान में हमास ठिकानों पर हमला बोल दिया। इस बीच इजराइल के मंत्री ने कहा कि गाजा जब तक बंधक बनाए गए हमारे नागरिकों को रिहा नहीं कर देता, तब तक उसकी बिजली-पानी की सप्लाई रोकी जाएगी। गौरतलब है कि गत 9 अक्टूबर को गाजा बॉर्डर पर कब्जे के बाद इजराइल ने गाजा को जाने वाली बिजली सप्लाई रोक दी थी। फिर11 अक्टूबर को पूरे गाजा में बिजली सप्लाई ठप कर दी गई थी। इसके बाद गाजा के तीन वाटर प्लांट ने भी काम करना बंद हो चुके हैं।



### भारत ने हमास के हमले को आतंकी हमला बताया

भारत ने इजराइल पर हमास के हमले को आतंकी हमला बताया है। फिलिस्तीन को लेकर भारत की पॉलिसी लंबे समय से एक ही रही है। भारत हमेशा से बातचीत से आजाद और संप्रभु फिलिस्तीन बनाने की वकालत करता रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि इजराइल में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन अजय की शुरुआत की गई है। गुरुवार की रात इजराइल के डेविड बेंगुरिअन एयरपोर्ट से रात 9 बजे चार्टर प्लेन भारत के लिए रवाना हुआ। इससे 230 लोग वापस लौटेंगे। अलजजीरा की रिपोर्ट बताती है कि गाजा में बहुत कम मात्रा में खाना और पानी बचा है।

# आईएएस जयवीर आर्य को एक दिन के लिए रिमांड पर भेजा

**भरोसा मित्र**

**चंडीगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो यानि एसीबी ने एक और आईएएस अधिकारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ये हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एमडी आईएएस जयवीर आर्य बताए गए हैं। इनके साथ दो अन्य आरोपी भी हैं। इन्हें पंचकूला से उन्हें गिरफ्तार किया गया।जयवीर आर्य और अंबाला से पकड़े एक अन्य अधिकारी को भी आज एंटी करप्शन ब्यूरो ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे एक दिन के रिमांड पर एसीबी को सौंपा है, जबकि मनीष शर्मा को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एसीबी ने हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के एमडी जयवीर आर्य समेत दो अन्य आरोपियों को पोस्टिंग दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। दो अधिकारी मौके से फरार हो गए। देर



रात पंचकूला स्थित एसीबी थाने में आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। रात में तीनों आरोपियों का मेडिकल कराया गया। जानकारी के अनुसार एमडी ने एक महिला मैनेजर से ट्रांसफर के लिए यह रिश्वत ली थी। इस मामले में बिचौलिए की भूमिका विभाग के एक जिला प्रबंधक ने निभाई थी। एमडी के पास रिश्वत की रकम पहुंचाने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि वेयर हाउसिंग कारपोरेशन में महिला अधिकारी डीएम पद पर तैनात हैं।

बैठक

सरकार ने मेयर के अधिकारों में की वृद्धि

# अब ग्रुप सी-डी के कर्मचारियों को कर सकेंगे सस्पेंड

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मनोहर सरकार ने मेयर के अधिकार में वृद्धि करते हुए तय किया है कि वे मेयर ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को निलंबित कर सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में प्रदेश भर से आए मेयर और डिप्टी मेयर की मीटिंग में यह फैसला लिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मीटिंग में मेयरों की प्रशासनिक स्वीकृति को 2.50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने की घोषणा भी की। इस मीटिंग में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेयर एक बड़े क्षेत्र का चुना हुआ प्रतिनिधि होता है। हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में पंचायती राज संस्थानों के लिए भी सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर कई प्रकार के अधिकार दिए हैं।



सीएम ने कहा कि पहले की सरकारों में सत्ता का केन्द्रीकरण होता था, जबकि हमने सत्ता का विकेन्द्रीकरण किया है। उन्होंने कहा कि कल की कैबिनेट बैठक में शहरों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उनके क्रियान्वयन में मेयरों और पार्षदों की बड़ी भूमिका होगी।

### विकास कार्यों का अनुमान तैयार करें मेयर

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग की तरफ से नगर निगमों को तिसरी तिमाही का लगभग 600-700 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने हैं। मेयर अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का अनुमान तैयार करें और शीघ्र ही इसे सरकार को भिजवाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। अभी हाल ही में सरकार द्वारा 404 कॉलोनियां नियमित की। जिनमें से 151 कॉलोनियां नगर निगमों के अंतर्गत आती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोगों को इस बारे में जागरूक करें ताकि मॉडल टाउन जैसी पुरानी कॉलोनियों में चल रही शॉपिंग मॉल जैसी गतिविधियों को कानूनी रूप में नियमित करवा जा सके।

# कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स की शैक्षणिक योग्यता पर विवाद

## हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया नोटिस

### कुलदीप ने स्वयं को 2014 में 12वीं, 2019 में 10वीं पास बताया था

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। हरियाणा के बादली से कांग्रेस पार्टी की टिकट से विधायक बने कुलदीप वत्स पर 2019 के विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र में गलत शैक्षणिक योग्यता बताने का आरोप लगाया गया है। इस पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई है। हाईकोर्ट ने इस याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है। हाईकोर्ट के अनुसार यदि कोई झूठा या गलत हलफनामा दाखिल करता है तो उसके खिलाफ छह महीने की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। बता दें कि सिरसा के नरेश कुमार की ओर से पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि 2014 के विधानसभा चुनाव में कुलदीप वत्स ने शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख झज्जर के सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से 12वीं कक्षा पास करने का किया है। वत्स ने 2019 में उन्होंने चुनाव लड़ने के दौरान अपनी जो शैक्षणिक योग्यता बताई, उसमें हरियाणा बोर्ड से खुद को मैट्रिक पास बताया। नरेश ने अपनी याचिका में वत्स की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की है। उनका कहना है कि वत्स ने विधायक के पद पर रहते हुए जो वेतन लिया है, उसे ब्याज सहित वसूल किया जाए।



## खबर फटाफट

### नकदी-छनैती के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**सोहना:** नगरपरिषद के वार्ड-4 के तहत गांव सांपकीनंगली स्थित मेघा स्कूल के पास दो युवकों से नकदी-छनैती करने वाले मामले में शहर थाना पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ने में कामयाबी पाई है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय नरेश कुमार निवासी गांव सांपकीनंगली के रूप में हुई है। सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी सबइंस्पेक्टर सत्यप्रकाश ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह नशे का आदि है और इसकी पूर्ति के लिए इसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। एसीपी क्राइम वरुण दहिया की माने तो जब आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी के खिलाफ लूट, चोरी, मारपीट, शस्त्र अधिनियम के तहत मिलेनियमसिटी गुरूग्राम पुलिस थाने में 17 मुकदमे तथा लूट का एक मुकदमा दिल्ली के एक पुलिस थाने में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक हजार की नकदी व एक कार बरामद करने में कामयाबी पाई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, उसे जल्द अदालत में पेश करेगी।

### नारी उत्थान और में अग्रणी रही लाजवंती देवी : धारीवाल



**सोहना :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट तथा यूथ इंटक के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहताश बेदी अपने लाव-लश्कर के साथ सोहना शहर में आए और वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता की माता जी लाजवंती देवी की मौत पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। दोनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि प्रकृति भी अपना धर्म निभाती है। यह जीवन चक्र है। जो दुनिया में आया है, उसे जाना ही पड़ेगा। हमं अपने परिवार से जाने वाले दिवंगतों के पदचिन्हों पर चलना चाहिए।लाजवंती देवी सदैव सर्वजातीय समाज से जुड़कर चली। उनके सामाजिक कार्यो से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लाजवंती देवी सदैव नारी उत्थान और शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी रही। उन्होने सदैव जरूरतमंदों की मदद में अहम भूमिका निभाई।

### गठिया रोग से बचाव के लिए खानपान पर ध्यान दें: डा.यादव

**सोहना:** वरदान अस्पताल में गुरुवार को विश्व आर्थराइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की संयोजक भावना शर्मा के अनुसार उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए वरदान अस्पताल व ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने गठिया रोग के लिए खानपान और व्यायाम की कमी को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि खानपान और व्यायाम की कमी से शहरी क्षेत्र में रहने वाले युवा गठिया रोग का ज्यादा शिकार हो रहे हैं। बिगड़ी दिनचर्या लोगों को 25-30 वर्ष पहले ही गठिया का रोगी बना रही है जबकि अब से पहले गठिया रोग को वृद्धावस्था की बीमारी माना जाता था। उन्होंने बताया कि कोविड और वायरल के बाद लोगों में जोड़ों के दर्द की समस्या पहले के मुकाबले ज्यादा बढ़ी है। यदि समय रहते इसका इलाज किया जाए तो इस बीमारी को बढने से रोका जा सकता है। डा. यादव ने बताया कि मांसपेशियों में सूजन, हमेशा थकान और सुस्ती महसूस होना, जोड़ों में दर्द की समस्या, सामान्य कार्य करने पर भी असहनीय दर्द होना, जोड़ों के आसपास की त्वचा पर गांठे बन जाना गठिया रोग के लक्षण है।

### दस साल पुराना आधारकार्ड अपडेट कराना जरूरी: एसडीएम

**सोहना :** एसडीएम प्रदीप कुमार का कहना है कि जिन लोगों का आधारकार्ड दस साल पुराना है, वह अपने दस्तावेज फिर से अपडेट करा लें। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यानि यूआईडीआईए ने स्पष्ट किया है कि आधार नंबर का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है। इसके लिए व्यक्तिगत नवीनतम विवरण के साथ आधार डाटा को अपडेट कराना जरूरी बनाया गया है ताकि आधार सत्यापन में असुविधा ना रहे। जिन लोगों ने अपने आधारकार्ड बीते दस वर्षों के भीतर अपडेट कराए हैं, उन्हें इसकी जरूरत नही होगी लेकिन जिन लोगों के आधारकार्ड अपडेट हुए दस वर्ष बीत गए हैं, उन्हें अपना आधारकार्ड दोबारा से अपडेट कराना जरूरी होगा क्योकि आधारकार्ड का सरकारी योजनाओं के लिए इस्तेमाल बढ़ रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार की करीब एक हजार योजनाओं में आधारकार्ड का लिंक होना जरूरी बनाया गया है।

### युवा दर्द निरोधक दवाओं का सेवन न करें : डा. गोविंदशरण

**सोहना :** पुराने बसअडडा एरिया में स्थित सूरज स्वास्थ्य केन्द्र में विश्व आर्थराइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डाक्टर राशिद खान के अनुसार सेवानिवृत्त प्रवर चिकित्सा अधिकारी डाक्टर गोविंदशरण ने कहा कि ग्लोबल सिटी में ज्यादातर युवा गठिया रोग के शिकार हो रहे है। जिसका प्रमुख कारण जोड़ों के दर्द का इलाज कराने की बजाय दर्दनिवारक दवाओं का ज्यादा सेवन करना है। जरूरी है कि बिना योग्य चिकित्सक के परामर्श के दर्द निरोधक दवाएं ना ली जाए क्योंकि इन दवाओं के अधिक सेवन से शरीर के अन्य अंगों लीवर, किडनी पर बुरा असर पड़ता है। उन्होने कहा कि बुजुर्गो व महिलाओं में भी यह समस्या ज्यादा रहती है। ऐसे में जरूरी है कि नियमित रूप से व्यायाम किया जाए। चालीस वर्ष की उम्र के बाद ज्यादा बोझ उठाने से परहेज बरता जाए।

### पूर्व नगरपार्षद रामकुंवार सैनी का निधन,जताया शोक

**सोहना:** पूर्व नगरपार्षद रामकुंवार सैनी का आज निधन हो गया है। सर्वजातीय समाज के लोगों का कहना है कि वह सदैव सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहे। उन्होने समाज में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। हलका विधायक संजय सिंह उजीनिया, सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट आदि ने शोक जताया।

# वाटर सप्लाई वाली पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़क खोदी,राहगीर व वाहन चालक परेशान

**लोगों की शिकायत है कि ना तो तोड़ी गई सड़क को ठीक किया जा रहा है और ना ही वाटर सप्लाई आपूर्ति के लिए पाइप डाले जा रहे हैं**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर शहर के वार्ड-14 व 15 में नहरी पानी की सप्लाई घर-घर तक पहुंचाने और पाइपलाइन डालने के नाम पर पक्की सड़क को खोद दिए जाने के बावजूद अभी तक पाइपलाइन ना डाले जाने और सड़क खुदी होने से राहगीर व वाहन चालक परेशान हो रहे है।

लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग के ठेकेदार के कारिंदों ने खुदाई करने वाली मशीन से पक्की सड़क को तोड़ दिया है। एक हफ्ता बीत गया है। ना तो तोड़ी गई सड़क को ठीक किया जा रहा है और ना ही वाटर सप्लाई आपूर्ति के लिए पाइप डाले जा रहे है। जिससे राहगीर व वाहन चालक सभी परेशान हैं पर कोई देखने-सुनने वाला नही है। वार्ड-14 व 15 के भीतर मोहल्ला कायस्थवाडा और मोतीप्लाजा शापिंग काम्पलेक्स के सामने वाली गली से ओम शांति केन्द्र आवाजाही वाले सड़क मार्ग को खोदने से स्कूली बच्चों के साथ-साथ रोगी व बुजुर्ग खासे परेशान हो रहे है और तोड़ी गई सड़क पर गिर-पड़कर चोटिल हो रहे है।

लोगों का कहना है कि या तो संबंधित विभाग से पाइप डालने का ठेका लेने वाली एजेंसी



तोड़ी गई सड़क को तत्काल प्रभाव से ठीक कराए। अन्यथा वह संबंधित विभाग और एजेंसी के खिलाफ कष्ट निवारण समिति के



साथ-साथ सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराकर कानूनी व विभागीय कार्रवाई अमल में लाए जाने की गुहार लगाएंगे।

## व्यक्ति के कर्म बनाते हैं समाज में विशिष्ठ पहचान : बिल्लू

सोहना : सोहना विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व दिवंगत प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर सिंह के नजदीकी रिश्तेदार तथा भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता कुंवर अरिदमन सिंह बिल्लू आज सोहना शहर में आए और व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाइजर तथा शिक्षा समिति के उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल की माता लाजवंती देवी के निधन को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति के कर्म ही समाज में उसे महान बनाते है और अच्छे व नेक कार्यो की बदौलत ही समाज में किसी व्यक्ति की विशिष्ठ पहचान बनती है। इस जग से एक दिन सभी को जाना है लेकिन हमें चाहिए कि हम अच्छे कार्य करे। नेक-नीयती और सदमार्ग पर चले। सदैव जातपात व पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। समाज में व्याप्त खामियों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक बनाने का काम करे ताकि जग से जाने पर जाने वाले की अच्छी यादें प्रत्येक व्यक्ति के मन-मस्तिष्क और दिलों-दिमाग में छाई रहे। इसके अलावा पूर्व नगरपार्षद अशोक बंसल, लाला देवकीनंदन जैन, समरपाल सिंह राघव, रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, पलवल से समाजसेवी भूदत कटारिया, गांव खाईका से युवा समाजसेवी रितेश कुमार, आदि शामिल हुए।

## शिवनगरी में राजसी ठाठ-बाट से निकलेगी श्रीराम की बारात

**श्रीराम बारात शाम 4 बजे मिथिलापुरी से शुरू होकर पूरे शहर से निकलेगी**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा मंगलवार, 17 अक्टूबर को निकाले जाने वाली श्रीराम बारात आयोजन को लेकर शहर के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। बाजार में श्रीराम बारात को लेकर जगह-जगह स्वागत की तमाम तैयारियां जोरशोर से चल रही हैड्ड।

श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े प्रदीप गर्ग, नगरपार्षद नीरज सिंगला, हरिओम सिंगला, रंगमंच कलाकार देशराज गोयल, हितेश गोयल, टेकचंद शर्मा, संजय वशिष्ठ, दीपक बिंदल, जोगिन्द्र सिंगला जुगला, राकेश बंसल बाटे, प्रवीण गर्ग, कपिल गर्ग, हेमंत वर्मा, राजीव गर्ग, अभिषेक सिंगला भोला आदि की माने तो सोहना शहर में श्री शानदार रामलीला क्लब लगभग 158 वर्षो से अनाजमंडी स्थित प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में श्रीराम की लीलाओं का मंचन कर रही है। यह रामलीला शहर की प्राचीन रामलीला है। बीते वर्ष की तर्ज पर श्री शानदार रामलीला क्लब ने जनसहयोग से शहर में श्रीराम बारात निकालने का निर्णय लिया है। ऐतिहासिक गर्मचश्मा श्री शिवकुंड क्षेत्र को मिथिलापुरी बनाया



गया है और प्राचीन हनुमानबगीची रामलीला मैदान को अयोध्या नगरी बनाया गया है। श्रीराम बारात शाम 4 बजे मिथिलापुरी से शुरू होकर पूरे शहर से निकलते हुए अयोध्या नगरी पहुंचेगी। शोभा यात्रा का स्वागत करने के लिए व्यापारी समुदाय ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी है।

कसी व्यापारी ने फूलमालाओं का इंतजाम किया है तो किसी व्यापारी ने बारातियों के लिए जगह-जगह रास्ते में कही ठंडाई तो कही शर्बत तो कही पेय पदार्थ का इंतजाम किया है। बारात व चढ़त को लेकर अभी से असली बारात जैसी तैयारियां हो रही है। बाकायदा श्री शानदार रामलीला क्लब की तरफ से विवाह के कार्ड छपवाने पर विचार हो रहा है ताकि शहर में दुकान-दुकान कार्ड देकर आमंत्रित किया गया।

## गांव सिलानी में सीआईए ने युवक को किया अवैध हथियार समेत गिरफ्तार

**मुखबिर की सूचना को सही मान सीआईए पुलिस की एक टीम बताए गए स्थान पर पहुंच गई और संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को पकड़ लिया**





उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** सीआईए पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक युवक को सोहना के गांव सिलानी वाले चौक पर अवैध हथियार के साथ पकड़ने में कामयाबी पाई है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान हर्ष निवासी गांव हरफला, जनपद फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार सीआईए पुलिस को एक मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि सोहना के गांव सिलानी वाले चौक पर एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। उसके पास हथियार है। वह कोई भी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है।

मुखबिर को सूचना को सही मान सीआईए पुलिस की एक टीम बताए गए स्थान पर पहुंच गई और संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को घेराबंदी डाल कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक पिस्टल मिलने पर युवक को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के लिए थाने में ले आई।

पुलिस ने जब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घंघौला मोड से अठारह जुलाई को और सोहना के गांव सिरसका से तीस सितंबर को चुराई गई मोटरसाइकिलों समेत 2 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है। आरोपी ने खुलासा किया है कि उसने फरीदाबाद में भी एक मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

आरोपी के रिकार्ड की जांच में सामने आया कि आरोपी पर पलवल में नकदी, छनैती, जान से मारने की धमकी देने में एक मामला दर्ज है और फरीदाबाद से चोरी की गई मोटरसाइकिल को आरोपी ने अपने एक दोस्त को दिया हुआ है। चोरी की गई मोटरसाइकिल का रास्ते में तेल खत्म हो जाने पर वह मोटरसाइकिल आरोपी रास्ते में ही छोड़कर चला आया। पुलिस का कहना है कि पुलिस पकड़े गए युवक की वारदातों कुंडली भी खंगाल रही है कि कही उसका कोई अन्य आपराधिक रिकार्ड तो नहीं रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

## लोहिया धर्मशाला में आज लगेगा रक्तदान शिविर: गौरव सिंगला



सोहना : लायंसक्लब सोहना सिटी एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शुक्रवार, 13 अक्टूबर को शहर के भीतर फौहारा चौक पर स्थित लोहिया धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित करेगा।

यहां पर इस बारे में गुश्रुवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी व बर्तन कारोबारी गौरव सिंगला तथा रक्तदान शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन मयंक जैन व अमोल ने संयुक्त रूप से बताया कि लायंसक्लब सोहना सिटी द्वारा प्रायोजित किए जाने वाले इस रक्तदान शिविर को लेकर रक्त देने के इच्छुक लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस संबंध में उन्होने बताया कि आयोजित होने वाले रक्तदानशिविर को कामयाब बनाने के लिए लायंसक्लब सोहना सिटी से जुड़ा प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी दिन-रात जुटे हुए है।उन्होंने उम्मीद जताई कि इस शिविर में बड़ी सख्या में अपना योगदान देने आएंगे।

## पूर्व परिवहनमंत्री राव नरबीर सिंह ने शोक संतप्त परिवार का बंधाया ढांढस

**परिवार में अपनों का जाना बेहद दुखद होता है लेकिन जीवन और मृत्यु का चक्र चलता रहता है**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** हरियाणा के पूर्व परिवहन एवं सहकारिता तथा खाद्य आपूर्तिमंत्री राव नरबीर सिंह ने व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाइजर तथा शिक्षा समिति के उपचेयरमैन उमेश अग्रवाल के आवास पर आकर उनकी माता लाजवंती देवी के निधन पर शोक जता कर परिवार का ढांढस बंधाया।

राव नरबीर सिंह तथा भाजपा के पूर्व विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने दिवंगत लाजवंती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि परिवार में अपनों का जाना बेहद दुखद होता है लेकिन जीवन और मृत्यु का चक्र चलता रहता है। ऐसे में इस पर किसी का बस नहीं है। उनका असमय साथ छोड़ देना समाज व परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है।



उन्होंने कहा कि जीवन में माता-पिता का ऋण कोई भी नहीं उतार सकता है। ऐसे में उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि दुख की इस घड़ी में पूरे परिवार को ईश्वर इस क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करे।

डाक्टर भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी के पूर्व प्रधान नंबरदार मूलचंद लाखुवासिया, मोहम्मदपुर गांव के नंबरदार दलीप सिंह, समाजसेवी श्यामलाल सहरावत, डाक्टर महेश गोयल, सेवानिवृत्त अधिकारी प्रहलाद गुप्ता, अग्रवालसभा के प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान सुभाष बंसल, किरयाणा यूनियन के पूर्व प्रधान बालकिशन गोयल, क्रिकेट कोच टेकचंद बंसल, किरयाणा यूनियन के पूर्व प्रधान प्रदीप गर्ग, नगरपार्षद नीरज सिंगला, नगरपार्षद राखी बागड़ी व उनके प्रतिनिधि गुरूचरण सिंह बागड़ी आदि प्रमुखजनों समेत सर्वजातीय समाज के काफी लोग आज उमेश अग्रवाल के आवास पर आए और उनकी माता लाजवंती देवी के कार्यो की सराहना करते हुए उनके असमायिक निधन पर शोक जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

## पांचों राज्यों में स्पष्ट बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : जैन

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने बृहस्पतिवार को दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा पांचों राज्यों में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाकर दिखा देगी कि आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों का जादू लोगों के सिर चढे र बोल रहा है।

गुरुवार को यहां पर फ्रेंडस कॉलोनी में समाजसेवी डीसी खुराना के आवास पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने को लेकर 'सबका साथ-सबका विकास' लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। जिन-जिन राज्यों में भाजपा सरकार है, वहां पर जबरदस्त तरीके से हो रहे विकास कार्य को देख अब गैर भाजपा सरकार वाले प्रदेशों में भी भाजपा की लहर चल रही है। यही कारण है कि भाजपा के प्रति बढ़ रहे रूझान और झुकाव को देख अभी से स्पष्ट नजर आ रहा है कि पांचों राज्यों में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने कहा कि खुशी की बात ये है कि केन्द्र व प्रदेश में चल रही भाजपा सरकार में अभी तक भ्रष्टाचार का एक भी मामला सामने नही आया है जबकि पहले कांग्रेस के राज में अखबार और टेलिविजनों में भ्रष्टाचार वाली खबरे सुर्खियों में रहती थी। सरकारी नौकरियों के नाम पर जेबे भरी जाती थी और निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली प्रतिभागी काबिल होने के बावजूद नौकरी पाने से वंचित रह जाते थे लेकिन केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार पर रोक लगी है। राकेश जैन ने कांग्रेस पर तीखा वार करते



हुए कहा कि कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। नौकरी पर्ची और खर्ची से दी जाती थी लेकिन भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के योग्यता के आधार पर नौकरी देकर पूरे हरियाणा में 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' के नारे को सफल बनाने का काम किया है। भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाने का काम किया है। इससे पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन अपने लाव-लश्कर के साथ शहर के वार्ड-14 के मोहल्ला कायस्थवाडा में रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता के आवास पर आए और उनकी माता लाजवंती देवी के निधन पर गहरा शोक जताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया।

## महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर दिया निमंत्रण

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शहर में अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में समाज के लोगों ने अग्रवालसभा के प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, पूर्व प्रधान सेठ सुभाष बंसल आदि समारोह के लिए आमंत्रण दिया।,

इनके अलावा विजय गोयल, सभा के उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान रोहित गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, अशोक गर्ग रेडीमेड वाले, कपिल गर्ग, केशवदेव जिंदल, सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, देशराज गोयल, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, गल्ला व्यापारी यूनियन से यादराम आढ़ती, लाला महेश कुमार सिंगला, गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान महेश आर्य व अग्रवालसभा अंतरंग समिति से जुड़े तमाम सदस्यों और पदाधिकरियों समेत विभिन्न व्यापारिक यूनियनों से जुड़े अग्रवाल समाज के मौजिजान लोगों ने 14 अक्टूबर से समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले 2 दिवसीय समारोह में अग्रवाल समुदाय के ज्यादा से ज्यादा लोगों को सपरिवार आने के लिए आज यहां पर बाजार के भीतर दुकान-दुकान आकर जनसंपर्क किया और समाज के लोगों को जयंती उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ-साथ अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीए जलाने व विशेष सजावट कराने का आग्रह किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय अग्रवालसभा के प्रधान सतीश कुमार, पूर्व प्रधान विजय अग्रवाल, सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता आदि थे।

धर्म-आस्था

चहल पहल से बाजारों में बढ़ी रौनक

# नवरात्रों को लेकर महिलाओं में बढ़ा उत्साह, सजाए जा रहे मंदिर

**शहर के गली-मोहल्लों में भी दुकानों पर पूजा सामग्री व फलाहारी चीजों की भरमार है**

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर रविवार, 15 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले माता के नवरात्रों को लेकर श्रद्धालुओं विशेषकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

`खने वाली बात ये है कि यहां पर वही नवरात्रों का सामान खरीदने के लिए बाजारों में श्रद्धालुओं का मेला सा लगा है। ऐसे में सबसे ज्यादा भीड़ सिंघाड़े, कुटू के आटे, सामकिया वाले चावल, साबूदाने, पूजा पाठ का सामान, नारियल व चुन्नी, सिंदूर, सुपारी, सिंगार की चीजें, हवन सामग्री, मिटटी के बर्तन से लेकर कुटू का आटा, सिंघाडे का आटा, आलू के तरह-तरह के मीठे, नमकीन फलाहारी स्नेक्स आदि बेचने वाले विक्रेताओं की दुकानों पर देखने को मिल रही है। मिठाइयों की दुकानों और रेस्तराओं में पेस्ट्री व केक की जगह शुद्ध फलाहारी मिठाइयों ने ले ली है। शहर में जगह-जगह हलवाइयों की दुकानों पर खोए, पनीर की मिठाइयां, कई किस्म के पेठे, रसगुल्ले, बिना अन्न के मेवों से बनी मिठाईयां थालों में सजी नजर आती है लेकिन सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद भी किसी भी हलवाई की दुकानों पर किसी भी मिठाई के ऊपर यह नहीं लिखा हुआ है कि कौन सी मिठाई कब बनाई गई और कब तक उपयोग में लाई जा सकती है। इतना जरूर है कि मिठाइयों के दाम जरूर ट्रे के ऊपर लगे नजर आ रहे हैं।

नवरात्रों के दृष्टिगत शहर के गली-मोहल्लों में भी दुकानों पर पूजा सामग्री व फलाहारी चीजों की भरमार है। गली, मोहल्लों में दुकान खोले बैठे दुकानदारों का कहना है कि नवरात्रों के साथ-साथ दीवाली, क्रिसमस डे जैसे त्यौहारों से संबंधित सामानों की बिक्री ज्यादा होती है। इसलिए वह अपनी दुकानों में त्यौहारों में ज्यादा सामान रखते है।

नवरात्रों का सामान बेचने वाले दुकानदार मोनू, गौरव, राजेश गोयल, हेमंत आर्य, हरीश ऐरन, महेश कुमार, देशराज गोयल, हरिओम, दीपक, लाला जयप्रकाश आदि ने बताया कि वाले सामान की खरीददारी के लिए अभी से उनकी दुकानों पर ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ जुट रही है। शहर और गांवों के भीतर बने विभिन्न मंदिरों में भी रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य पूरा हो गया है। मंदिरों में विशेष रोशनी की सजावट किए जाने से मंदिर की सुंदरता देखते ही बनती है। माता के नवरात्रों के दृष्टिगत इस बार श्री शिवकुंड और पुराने बसअड्डा स्थित मां दुर्गा के मंदिर में विशेष इंतजाम किए गए हैं। शिवकुंड कमेटी के प्रधान अनुराग राणा ने बताया कि नवरात्रों के दौरान शिवकुंड पर आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए कई कदम उठाए गए है। यहां मंदिरों के भीतर मेला सा भरा रहता है और श्रद्धालुओं की जबरदस्त आवाजाही के कारण सड़क पर जाम लग जाते है। सर्कल एसडीएम प्रदीप कुमार और नगरपरिषद में चेयरपर्सन अंजू देवी ने भी व्यापारियों से सामान सड़क किनारे ना रखने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने का आग्रह किया है।

### कीमतों में आया उछाल

नवरात्रे शुरू होने से पहले ही फलों और व्रत में काम आने वाली सामान की कीमतों में एकाएक उछाल आ गया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोग नवरात्रों में खरीदे जाने वाले सामान के दामों में एक तिहाई से ज्यादा मूल्य वृद्धि से खासे विचलित है।



### पुलिस की ओर से कड़ी रहेगी व्यवस्था : देविंद मान

सोहना शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देविन्द्र मान, देहात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष कुमार, शहर पुलिस चौकी में कार्यरत सबइंस्पेक्टर राजबीर सिंह तथा सहायक सबइंस्पेक्टर अमीचंद ने बताया कि नवरात्रों के दृष्टिगत पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। मंदिरों, स्कूलों के आसपास और बाजारों में सादा वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात किए गए है, जो असामाजिक तत्वों पर ना केवल अपनी पैनी निगाहे बनाए रखेंगे बल्कि ऐसे तत्वों की धरपकड़ कर उन्हे उनकी सही जगह जेल के सीखचों के पीछे पहुंचाने का कार्य भी बखूबी करेंगे। उन्होंने बताया कि बाजार में जगह-जगह दोपहिया वाहनों की चेकिंग के लिए नाके लगाकर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। बिना हैल्मेट और बिना नंबरी अथवा जाति लिखी मोटरसाइकिलों के साथ-साथ जिन मोटरसाइकिलों पर 3-3 लोग बैठे नजर आ रहे हैं, उनके चालान तत्परता से काटे जा रहे है।

## खबर फटाफट

### नेत्र जांच शिविर लगाया



**गुरुग्राम।** वर्ल्ड साइट डे के अवसर पर निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बंधवाड़ी स्थित द अर्थ सेवियर्स फाउण्डेशन के आश्रम में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से अधिक शारीरिक व मानसिक रुप से पीड़ित लोगों के नेत्रों की जांच की गई। संस्था के चेयरमैन डा. टीएन आहूजा ने बताया कि शिविर में जांच के दौरान 20 लोगों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया गया और 40 लोगों के चश्मे के नंबर लिए गए। इन लोगों को संस्था द्वारा निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिन लोगों को मोतियाबिंद है, उनका निशुल्क उपचार किया जाएगा। इसके अलावा संस्था द्वारा सैक्टर 9 स्थित राजकीय विद्यालय में 291 छात्रों के नेत्रों की जांच की गई, जिनमें 53 छात्रों की आंखें कमजोर पाई गई। इपैंथी फाउण्डेशन के सहयोग से उन्हें चश्मे वितरित किए जाएंगे। शिविर को सफल बनाने में संस्था के मेडिकल डायरेक्टर डा. हितेंद्र आहूजा, मनिंद्र कौर विश्वास, वरुण, पुनीत, काजल, चांदनी शाह, प्रियंका लोहिया, प्रियंका चौहान, ज्योति आदि का सहयोग रहा।

### 100 ग्राम अवैध स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक को 100 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल ने इफको चौक के निकट से एक युवक कमल को 100 ग्राम अवैध स्मैग के साथ गिरफ्तार किया था, जिसके खिलाफ थाना डीएलएफ फेस 2 में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को अदालत से 2 दिन के पुलिस हिरासत रिमाण्ड पर लिया गया था। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ था कि उसके कब्जे से बरामद हुई स्मैग को यह इसने राजस्थान के रहने वाले अपने एक साथी से एक लाख रुपयों में खरीदी थी और इस स्मैक को बेचकर मुनाफा कमाने की नियत से गुरुग्राम आया था, लेकिन स्मैग को बेचने से पहले ही इसको पुलिस ने पकड लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आगामी कार्यवाही करते हुए आरोपी मनीष को को दौसा, से काबू कर लिया। आरोपी मनीष उक्त से पुलिस पूछताछ ज्ञात हुआ कि कमल से बरामद की गई स्मैक उसने अन्य व्यक्ति से 80 हजार रुपयों में खरीदी थी और उसी 100 ग्राम स्मैग को इसने अपने उपरोक्त साथी कमल को एक लाख रुपयों में बेच दिया था।

### रामलीलाओं का मंचन 14 अक्तूबर से होगा शुरु

**गुरुग्राम।** भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा 14 अक्तूबर से 24 अक्तूबर तक 70वें श्रीरामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा व महासचिव किशोरीलाल डूडेजा ने बताया कि 14 अक्तूबर को हवन व रावण-वेदवती के साथ रामलीला शुरु होगी। जिसके बाद 15 अक्तूबर को श्री राम जन्म, 16 अक्तूबर को ताडक़ा वध एवं सीता स्वयंवर, 17 अक्तूबर को राम वनवास, 18 अक्तूबर को भरत मिलाप, 19 अक्तूबर को पंचवटी एवं रावण मारीच, 20 अक्तूबर को सीता हरण, 21 अक्तूबर को अशोक वाटिका, 22 अक्तूबर को रावण अंगद संवाद, 23 अक्तूबर को लक्ष्मण मूर्छा एवं रावण वध तथा 24 अक्तूबर को दशहरा उत्सव एवं श्रीराम का राज्यभिषेक के साथ रामलीला का समापन होगा। इसी प्रकार न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातान धर्मसभा द्वारा 76वें श्री रामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव का आयोजन दशहरा ग्राउण्ड न्यू कालोनी में 14 अक्तूबर से 24 अक्तूबर तक किया जाएगा। जिसका शुभारंभ मां भगवती की विशााल चौकी के साथ होगा। मां वैष्णो निष्काम भक्ति मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर ने बताया कि 15 अक्तूबर को श्री गणेश एवं हनुमंत ध्वज पूजन, दीप प्रज्जवलन, शिव-पार्वती संवाद, नारद मोह, कैलाश तलहटी, 16 अक्तूबर को रावण दरबार, मेघनाथ का ॠषियों पर अत्याचार, श्रवण लीला, 17 अक्तूबर को रावण-वेदवती संवाद, देवताओं की विष्णु से फरियाद, दशरथ दरबार, श्रीराम-सीता जन्म, गुरुकुल, 18 अक्तूबर को विश्वामित्र का यज्ञ भंग, विश्वामित्र दशरथ संवाद, ताडक़ा वध, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, श्रीराम बारात, सीता विदाई, 19 अक्तूबर को दशरथ दरबार, श्रीराम राजतिलक घोषणा, दशरथ-कैकई संवाद, राम वनवास, केवट मिलन, दशरथ मरण, 20 अक्तूबर को भरत-कैकई संवाद, भरत मिलाप, सुर्पनखा की नाक काटना, रावण दरबार, रावण-मारीच संवाद, सीता हरण, रावण-जटायु युद्ध, राम विलाप, 21 अक्तूबर को राम-शबरी मिलन, हनुमान राम मिलाप, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सुग्रीव राजतिलक, राम-विरह, लक्ष्मण-सुग्रीव वार्ता, हनुमान को लंका भेजना, 22 अक्तूबर को सीता-रावण संवाद, रावण-हनुमान संवाद, लंका दहन, 23 अक्तूबर को रावण दरबार, सेतु बंध, रावण-अंगद संवाद, विभीषण शरणागति, लक्ष्मण मूर्छा, मेघनाथ-कुंभकरण वध, राम-रावण युद्ध तथा 24 अक्तूबर को भव्य दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा।

---

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से खफा निगम के संयुक्त आयुक्त का एक्शन

# जो कर्मचारी नहीं कर रहे ड्यूटी उन्हें नहीं मिलेगा वेतन : नरेश कुमार

**बोले, जब तक कर्मचारी धरने पर रहेंगे सफाई व्यवस्था में निजी एजेंसियों का लिया जाएगा सहयोग**



फाईल फोटो

**भरोसा मित्र डेस्क**

गुरुग्राम। गुरुग्राम में 3200 निगम रोल के कर्मचारियों द्वारा तीन दिन के हड़ताल का निर्णय लिया गया है बीते 1 महीने से यूनियन प्रतिनिधियों से बातचीत के बावजूद धरने पर बैठे कर्मचारी और उनकी यूनियन मनमाना रवैया अपना रहे हैं जिसके कारण गुरुग्राम के कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को लेकर समस्याएं पैदा हो रही है इन समस्याओं को लेकर वीरवार को नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ नरेश कुमार द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से फीडबैक लिया गया, इस दौरान निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ नरेश कुमार ने कहा कि जो कर्मचारी काम पर वापस नहीं आ रहे हैं उन कर्मचारियों का गैर हाजिरी के हिसाब से वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी, इसके साथ ही मौजूदा स्थिति में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निजी एजेंसियों से कूड़ा उठाने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का कार्य कराया जाएगा । निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ नरेश कुमार को कुछ निजी एजेंसियों के ठेकेदारों ने बताया कि धरने पर बैठे कर्मचारी एवं उनके नेता शहर में कूड़ा उठाने के दौरान विरोध जताते हैं और लड़ाई झगड़े पर उतारू रहते हैं जिस पर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ नरेश कुमार ने साफ शब्दों में कहां की निजी एजेंसी को अगर कोई भी व्यक्ति या कर्मचारी या अन्य कोई एजेंसी सफाई संबंधित कोई भी कार्य करने में बड़ा डालती है तो उनके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

#### कूड़ा उठान कार्य में बाधा डालने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

इस मौके पर शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर अलग-अलग क्षेत्र के और विभिन्न सोसाइटी के लोगों ने निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ नरेश कुमार से मुलाकात की और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करते हुए बताया कि जब से निगम रोल के कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं तब से शहर में सफाई व्यवस्था खराब हुई है धरने पर बैठे कर्मचारी शहर को कूड़े की ढेर पर बैठने की फिराक में है, जो कर्मचारी काम नहीं करते हैं ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ निगम अधिकारी सख्त कार्रवाई करें नहीं तो यह कर्मचारी इसी तरह आए दिन धरना प्रदर्शन आदि के जरिए सिर्फ राजनीति करने का कार्य करेंगे जिससे गुरुग्राम शहर में सफाई व्यवस्था खराब होगी।

---

### निगमायुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# जन शिकायतों का त्वरित करें समाधान : पीसी मीणा



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा की अध्यक्षता में वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम गुरूग्राम, नगर परिषद सोहना व पटौदी मंडी तथा नगर पालिक फरूखगनर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार तथा सैल्फ सर्टिफिकेशन कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स डाटा से संबंधित प्राप्त होने वाली आपत्तियों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। अगर हम आपत्तियों का समाधान सही प्रकार से करेंगे, तो प्रॉपर्टी टैक्स से आने वाली आय में भी बढ़ौतरी होगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आपत्तियों को बिना किसी वैध कारण के वापिस ना किया जाए। सभी संयुक्त आयुक्त अपने स्तर पर इस प्रकार के कम से कम 50 मामले चैक करें तथा अगर कोताही मिलती है, तो संबंधित पर कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने इस मामले में 15 दिन में रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी संयुक्त आयुक्तों को दिए। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार, डा. नरेश कुमार, संजीव सिंगला, अखिलेश यादव व विजय यादव, चीफ अकाऊंट ऑफिसर विजय सिंगला, सीएमओ डा. आशीष सिंगला, सीटीपी सतीश पाराशर, एसई राधेश्याम शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### मल्टीलेवल कार पार्किंग के निर्माण में तेजी लाएं

बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो व जनसंवाद सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान निर्धारित समयसीमा में करना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने सदर बाजार स्थित मल्टीलेवल कार पार्किंग के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ऑन स्ट्रीट पार्किंग के स्थानों को भी चिन्हित करें। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि उनसे संबंधित जितनी भी 18 मीटर व 24 मीटर की सडक़ें हैं, उन्हें दुरूस्त करवाएं। इसके साथ ही पार्कों, तालाबों व शमशान घाटों का सौंदर्यकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में पीएम स्वनिधि योजना, नगर दर्शन पोर्टल, स्वामित्व योजना सहित अन्य मामलों की समीक्षा के दौरान भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे राजस्व बढ़ौतरी की दिशा में तेजी से कार्य करें। इसके लिए विशेष रूप से विज्ञापन तथा प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी की तरफ विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

---

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मेयर की गुहार, अधिकारियों को आदेश दो

# जब तक निगम चुनाव नहीं होते तब तक महीने में एक बार मेयर टीम के साथ बैठक करें अधिकारी : मधु आजाद

**चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मेयर बैठक में शामिल हुई थी मधु आजाद**



**भरोसा मित्र डेस्क**

गुरुग्राम। गुरूग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल हुई। यह बैठक प्रदेश के सभी मेयर के साथ आयोजित की गई थी, जिसमें शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, सचिव एवं आयुक्त विकास गुप्ता तथा निदेशक डा. यशपाल यादव सहित अन्य अधिकारीगण शामिल हुए। गुरूग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद ने मुख्यमंत्री व निकाय मंत्री को गुरूग्राम में विकास कार्यों की स्थिति, नगर निगम गुरूग्राम की कार्यशैली तथा समस्यओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान कई बड़ी परियोजनाएं नगर निगम गुरूग्राम द्वारा शुरू की गई, जिनका कार्य अभी चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में और अधिक तेजी लाने की आवश्यकता है, ताकि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण हो, ताकि नागरिकों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सदर बाजार में बन रही मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसे जल्द पूरा करवाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, कमान सराय में पार्किंग निर्माण कार्य भी शुरू करवाया जाना चाहिए। इन दोनों पार्किंग के बनने के बाद क्षेत्र के लाखों नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा क्योंकि फिलहाल इस क्षेत्र में पार्किंग की बहुत भारी समस्या है। उन्होंने मौजूदा समय की सफाई व्यवस्था की स्थिति के बारे में भी अवगत कराया। आजाद ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जब तक नगर निगम चुनाव नहीं होते हैं, तब तक अधिकारियों को ये निर्देश दें कि महीने में एक बार निवर्तमान मेयर टीम व पार्षदों के साथ एक बैठक करें क्योंकि आम जनता निवर्तमान टीम के पास ही समस्याएं लेकर आती है। इसके अलावा आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में बिजली-पानी मुहैया करवाने की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था भी करने की गुजारिश बैठक में की गई, ताकि यहां के नागरिकों को कुछ राहत मिल सके।

### कंपनी के ट्रकों से सामान गबन करने वाला दूसरा युवक भी गिरफ्तार



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। कंपनी के ट्रकों से सामान गबन व चोरी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे युवक को भी काबू कर लिया है, जिसके कब्जे से 11 हजार 700 रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 नवम्बर 2022 को थाना बिलासपुर में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि गत वर्ष 20 सितम्बर से 26 अक्तूबर के बीच उनकी गाड़ी के चालकों द्वारा उनकी गाड़ी से इलेक्ट्रॉनिक का सामान, कपड़े व अन्य सामान चोरी व गबन कर लिया गया है। बिलासपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी राशिद को गांव उटावड़ से काबू कर लिया। इससे पूर्व पुलिस ने फकरुद्दीन नामक युवक को काबू कर लिया था।

### वार्ड 11 के नागरिकों ने सीवर समस्या का समाधान करवाने पर जताया निगमायुक्त का आभार



**गुरुग्राम।** वार्ड-11 के गणमान्य व्यक्तियों ने वीरवार को नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा का धन्यवाद व्यक्त किया तथा जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए आभार जताया। वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में निवर्तमान पार्षद योगेन्द्र सारवान के नेतृत्व में वार्ड के कई गणमान्य व्यक्ति पहुंचे तथा बुके भेंट कर निगमायुक्त का धन्यवाद किया। लोगों ने विशेष रूप से सूरत नगर फेज-1 एक्सटेंसन को नियमित करवाने तथा क्षेत्र में सीवर समस्या का बेहतर समाधान करवाने पर निगमायुक्त का आभार जताया। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सीवर की भयंकर समस्या चल रही थी, जिसका काफी हद तक राहत मिली है तथा आगे भी कार्य प्रगति पर है। वार्ड निवासियों ने छठ पूजा स्थल बनवाने, दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, शमशान घाट का निर्माण करवाने का अनुरोध भी निगमायुक्त से किया। इस मौके पर बाबूलाल, जगदेव, रतन, दलीप यादव, राजेश, सुनील रोहिल्ला, विरेन्द्र शुक्ला, विनोद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---

# महिला आईटीआई के दीक्षांत समारोह में विधायक सिंगला ने बांटी डिग्रियां

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**





गुरुग्राम। सेक्टर-14 स्थित महिला आईटीआई का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुधीर सिंगला पहुंचे। उन्होंने छात्राओं को डिग्रियां वितरित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा का माध्यम है। जो विद्यार्थी अपनी कालेज की पढ़ाई ना करके सीधे आईटीआई में दाखिल लेकर तकनीकी शिक्षा लेते हैं तो उनको जल्द रोजगार मिलने की संभावना बढ़ जाती है। अब गुरुग्राम समेत हरियाणा के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ाई का बेहतर स्तर पर और माहौल बना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच के चलते इन संस्थानों में अच्छे ट्रेड में युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को विदेशों में भी जाने का अवसर मिलता है। गुरुग्राम रोजगार का हब है। यहां हजारों कंपनियों में रोजगार के अवसर खुल रहते हैं। निजी क्षेत्र में रोजगार मिलना अब काफी आसान हो गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आह्वान पर निजी कंपनियों ने स्कूल, कालेज, आईटीआई को गोद लेकर वहां की कायापलट की है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जयप्रकाश यादव, रविंदर जैन, नवीन गुप्ता, हरीश वर्मा, एडवोकेट सचिन गुप्ता, देवेंद्र भाटिया, एडवोकेट सूरज यादव, आशीष गुप्ता, निशा गौड़, ओमप्रकाश जांगड़ा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने किया पंजाबियों का अपमान : सीकरी

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



**पंजाबी पंजाबियत, इंसानियत व रूहानियत का है प्रतिबिम्ब**

गुरुग्राम। राष्ट्र के एकीकरण, स्वृद्धि, सुरक्षा और उसके गौरव को बढ़ाने में पंजाबी समाज की सदैव से अग्रणी भूमिका रही है। मुगलों से संघर्ष हो या भारत का स्वतंत्रता संग्राम, खेल का मैदान हो या किसान का खलिहान पंजाबी समुदाय ने हर मोर्चे पर खुद को साबित किया है। विदेशियों के अत्याचारों से लेकर भारत -पाक विभाजन की दर्दनाक विभिषिकाओं को भी सबसे ज्यादा पंजाबियों ने सहा है। अपनी कर्मठता, उद्यमता और उदारता के दम पर पंजाबी समाज ने देश और दुनियां में अपनी पहचान गढ़ी है। एक से बढक़र एक सिनेमा और सीरियल इसी बिरादरी की देन हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि लंबे समय तक देश और हरियाणा में शासन करने वाली कांग्रेस ने इस पुरुषार्थ और देशभक्ति के बदले पंजाबी समुदाय को सिर्फ उपेक्षा का तोहफा दिया है। एक दिन पहले दो बार कांग्रेस के हरियाणा में मुख्यमंत्री रहे मौजूदा नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने परोक्ष रूप से कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार हरियाणा में बनती है तो वें ब्राह्मण को उप-मुख्यमंत्री बनाएँगे, दुसरे दिन प्रदेश अध्यक्ष उसका खंडन करते है , तीसरे दिन उनके पुत्र घोषणा करते है कि वह चार जातियों ब्रह्मण, दलित, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग से आने वाले लोगों को उप-मुख्यमंत्री बनाएंगे। हरियाणा में पंजाबी समाज जनसंख्या के लिहाज से न केवल तीसरा सबसे बड़ा वर्ग है बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी असरदार भूमिका निभाता है। कपिल देव का विश्व कप हो या नीरज चोपड़ा का ओलंपिक में गोल्ड मेडल,हरियाणा का गौरव बढ़ाने में भी पंजाबियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। बावजूद इसके कांग्रेस ने इस समुदाय की उपेक्षा कर उसका अपमान ही किया है। देश हो या हरियाणा पंजाबी समाज ने कभी ऐसी ओच्छी मानसिकता का परिचय नहीं दिया। हुड्डा स्वयं जाट समुदाय से आते हैं और अन्य चार बिरादरियों को महत्व देने की बात करते हैं सिवाय पंजाबियों के। यह उनकी पंजाबी समाज विरोधी कांग्रेस परिपाटी का हिस्सा है इसमें कोई नई बात भी नहीं है। जबकि दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने मनोहर लाल को मुख्यमंत्री बनाकर इस समुदाय की भावनाओं को तो आदर दिया ही है साथ ही अन्य वर्गों को भी सम्मान आदर देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथनी सबका साथ सबका विकास को साकार किया है। यही बात दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के बीच बड़ा अंतर समझाती है। मैं एक पंजाबी बिरादरी का हिस्सा होने पर गर्व के साथ कह सकता हूं कि हम जीवन में अनेक उतार चढ़ाव से गुज़रे हैं। हम एक स्वाभिमानी क़ौम हैं लडक़र गिरे हैं, गिरकर फिर उठे हैं। पंजाबी बिरादरी ने खुद का भी निर्माण किया है और राष्ट्र का भी हम किसी कांग्रेस की अपेक्षा या उपेक्षा के मोहताज नहीं हैं। रास्ता बनाना भी हमें आता है और उस पर चलना भी।

---

**बैठक** | पुलिस आयुक्त ने ट्रैफिक एंड रोड सेफ्टी रिव्यू बैठक कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# ड्रोन से करें ट्रैफिक जाम का सर्वे : विरेंद्र विज

**डीसीपी ट्रैफिक बोले, अगर कहीं पर किसी प्रकार का इंजीनियरिंग डिफेक्ट है, जिसके कारण एक्सीडेंट होते है तो संबंधित विभाग को नोटिस भेजो**



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की अध्यक्षता में पुलिस आयुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में ट्रैफिक एंड रोड सेफ्टी रिव्यू बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैफिक के सुगम व व्यवस्थित संचालन में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करने के लिए ड्रोन से हवाई सर्वे किया जाए, जिससे ट्रैफिक जाम होने वाली स्थानों व जाम लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके, फिर उनके समाधान के लिए सही निर्णय लेकर यातायात संचालन व्यवस्थित व सुगम किया जा सके। पुलिस आयुक्त ने पुलिस कर्मचारी/यातायात पुलिसकर्मियों व हरियाणा कौशल रोजगार कर्मचारियों को अधिक से अधिक सॉफ्ट स्किल की ट्रेनिंग करवाने के आदेश/दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर किसी प्रकार का इंजीनियरिंग डिफेक्ट है, जिसके कारण एक्सीडेंट होते है तो उस बारे में संबंधित एजेंसी/विभाग को नोटिस भेजा जाए। यातायात के सुचारू व सुगम संचालन के हेतु लेफ्ट लेन को खाली रखने में आने वाली समस्याओं का आंकलन करें, तथा उन समस्याओं के लिए हुडा, जीएमडीए, निगम व सम्बन्धित विभाग से पत्राचार करना सुनिश्चित करे, ताकि इन सभी विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके गुरुग्राम की सडक़ों को लेफ्ट फ्री कराने में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सटिक व उचित निर्णय लेकरकर यातायात संचालन को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित व सुगम बनाया जा सके। सडक़ों पर होने वाली पार्किंग की समस्या से निजात पाने के लिए विभागों के साथ मिलकर अस्थाई पार्किंग बनाने के निर्देश दिए गए, जिससे रोड पर पार्किंग की समस्या कम हो और यातायात का संचालन भी प्रभावित ना हो।

# हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब से मिले सरपंच सुंदर लाल यादव

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुलाकात की। उन्हें सम्मान स्वरूप पौधा भी भेंट किया। इस मुलाकात के दौरान सरपंच सुंदर लाल ने बिप्लब कुमार देब से आगामी चुनावों को लेकर चर्चा करते हुए उनसे मार्गदर्शन लिया। संगठन को मजबूत करने, मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को प्रत्येक बूथ पर कार्य करने के लिए भी उनसे विस्तार से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के बाद जानकारी देते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब सादगी के धनी हैं। एक मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल बिता चुके और वर्तमान में राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब बेहद ही मिलनसार हैं। हर मुलाकात में वे संगठन के लिए काम करने का उत्साह तो जागृत करते ही हैं, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे टिप्स भी देते हैं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि जिस संगठन में बिप्लब कुमार देब प्रदेश प्रभारी का पद संभाल रहे हैं, उस संगठन की मजबूती पर कोई सवाल नहीं उठ सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में देश और पार्टी दोनों ही तरक्की कर रहे हैं। उनकी बेहतर नीतियों से जहां लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, वहीं संगठन को मजबूती भी मिल रही है।

## खबर फटाफट

### युवा बाल राम क्लब ने बल्ली पूजन विधिवत किया, कलाकारों में उत्साह



**तावडू ।** शहर के मुख्य बाजार में युवा बाल राम क्लब ने बल्ली पूजन विधिवत किया। पंडित श्रीकृष्ण शर्मा रामलीला के सान्धिय में कलाकारों व कमेटी सदस्यों ने विधि विधान से पूजन कराया। सन् 2017 से रामलीला क्लब कलाकारों में भारी जोश दिखा। वहीं युवा रामलीला क्लब के युवा पिछले एक युवा बाल माह से रामलीला की तैयारियों व रिहर्सल में जुड़े हुए हैं।
क्लब से जुडे लोकेश मुदगिल ने बताया कि पिछले 6 वर्षों से राहुल शर्मा राम का, 3 वर्ष से लक्ष्मण का सागर, सीता का गौरव, 2 वर्ष से हनुमान का चेतन रोहिल्ला, 6 वर्ष रावण का अंकित, 6 वर्ष से दशरभ का से अनिकेत शर्मा व जनका का जगरोशन किरदार निभाएगे। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की युवाओं द्वारा युवा बाल रामलीला क्लब के तत्वाधान में भगवान राम के जीवन पर प्रकाश श्रद्धा पूर्वक डाला जाएगा।

### बिजली ट्रांसफारर्मर से उपकरण चोरी, मामला दर्ज।

**तावडू ।** उपमंडल के गांव जफराबाद में एक खेत में लगे ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने बिजली विभाग के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोर की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।बिजली विभाग के एसडीओ ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गांव जफराबाद में उमेद सिंह के खेत में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जो गत 4 अक्टूबर को अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करके लग गए। विभागीय कमर्चारी ने मौके पर जाकर चैक किया तो पाया कि ट्रांसफार्मर के अंदर का सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने विभाग के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मालमा दर्ज कर लिया है।

### चालक से 72 सौ रुपये व मोबाईल छीना

**तावडू ।** तावडू केएमपी रोड पर 2 बाइक सवार लोगों ने एक गाडी चालक से मारपीट कर 72 सौ रूपए व मोबाईल फोन छीन लिया। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नानूका निवासी इसराज ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 10 अक्टूबर को प्रातः साढे 11 बजे के लगभग वह तावडू से पचगांवा के लिए केएमपी रोड पर अपने छोटा हाथी के द्वारा जा रहा था। केएमपी पर चढते ही 2 बाइक सवार व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। जो दोनों आपस में कह रहे थे कि मुल्ला इससे पैसे छीन ले और आदिल इसका मोबाइल छीन ले। जो उसके साथ हाथापाई करने लगे और जेब में रखे 7200 रूपए व एक मोबाईल फोन लूट लिया। उनके पास बिना नंबर की बाईक थी। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### नूंह पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान



**नूंह ।** गुरूवार को नूंह पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता के संदर्भ में कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल नूंह में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर प्रबंधक थाना साइबर क्राइम नूंह निरीक्षक विमल, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगणों के साथ-2 काफी संख्या में आमजन/बच्चे व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा । इस कार्यक्रम में साइबर क्राइम टीम ने बच्चों व स्कूल स्टाफ को साइबर क्राइम के बारे जागरूक किया व उनसे अन्य लोगों को भी साइबर अपराध के बारे में जागरूक करने की पहल की । निरीक्षक विमल राय, प्रबंधक थाना साइबर नूंह ने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि आजकल साईबर अपराध लगातार बढता जा रहा है । साईबर अपराध के बारे में आमजन को जागरुक करने के लिए पूरे प्रदेश भर में साईबर जागरुकता बारे अलग-2 आयोजन किए जा रहे है । साइबर अपराधों के प्रति आम लोगों को जागरूक होने के लिए ही साइबर जागरूकता का आयोजन किया गया है ताकि 1930 साईबर अपराध हैल्पलाईन नम्बर के बारे में हर व्यक्ति जागरुक हो सके व साईबर अपराध से बच सके ।

### आयुष्मान योजना के तहत 23 सेंटरों पर की जा रही फ्री में जांच

**नूंह ।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। जिले में डेंगू और मलेरिया आदि की रोकथाम के लिए लगातार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के लोगों को जागरूक करने के साथ -साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लड टेस्ट कराया जा रहा हैं। उक्त बातें मेवात जिले के नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ राजीव बातिश ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि जिले में 23 सेंटरों पर एल एफ टी व के एफ टी सहित सभी टेस्ट सीएचसी और पीएचसी पर किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं निरोगी आयुष्मान योजना के अंतर्गत जिले के लोगों की फ्री जांच की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ राजीव बातिश ने कहा कि 23 सेंटरों पर आने वाले सभी लोग अपनी फैमिली आईडी जरूर लेकर आए। जिले में एक लाख 80 हजार से कम इनकम वाली फैमिली आईडी वाले परिवार की इन सेंटरों पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में 15 लाख पापुलेशन है जिन में 9 लाख 60 हजार लोगों की जांच की जानी है। सिविल सर्जन डॉक्टर राजीव बातिश ने कहा कि जिले में सभी सीएचसी और पीएचसी सहित उप स्वास्थ्य केंद्रों पर ड्यूटी के दौरान सभी डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। इसके लिए सभी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वह स्वयं भी सभी पीएचसी और सीएचसी का दौरा कर उनकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी सरकारी योजनाओं का जिले के लोगों को लाभ मिले इसके लिए वह लगातार बेहतर प्रयास करेंगे।

---

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का आह्वान, नूंह-मेवात को हर क्षेत्र में बढ़ाना है आगे

# शिक्षा पर रहेगा पूरा फोकस : धीरेंद्र खड़गटा

### नूंह के विकास व सामाजिक मजबूती में रिटायर्ड व्यक्ति भी करें सहयोग

**आस मोहम्मद , भरोसा मित्र**





नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला नूंह को विकास में आगे बढ़ाने व सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में सहयोग के लिए सरकार के साथ-साथ सामाजिक व व्यक्तिगत भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। अगर प्रत्येक व्यक्ति एक जिम्मेवार नागरिक की तरह प्रशासन के कार्यों व गतिविधियों में सहयोग करेगा तो निश्चित रूप से नूंह जिला को विकास में आगे बढ़ाने में उसकी भूमिका कारगर साबित होगी। केंद्र व प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, सेना व पुलिस से सेवानिवृत व्यक्ति प्रशासन के कार्यों में अनेक प्रकार से मदद कर अपने जिले व समाज की भलाई के लिए काम कर सकते हैं।
उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला से संबंधित सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों से सामाजिक कार्यों में सहयोग की अपील कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि सेवानिवृत व्यक्ति अपने गांवों व आसपास के क्षेत्र में लोगों को भाईचारे से रहने, नशे से बचने, दहेज प्रथा बंद करने, शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ाने, युवाओं को खेल गतिविधियों में शामिल होने के लिए मोटिवेट करने का काम करें। गांवों में कहीं कोई समस्या है तो उसके बारे में जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि नूंह जिला के प्रत्येक गांवों में एक से पांच एकड़ भूमि पर खेल स्टेडियम या व्यायामशालाएं बनाई जाएं और युवा पीढ़ी की खेलों में रूचि पैदा की जाए। गांवों में लाइब्रेरी खोलने का काम किया जाएगा, ताकि युवाओं को पढ़ाई के लिए उचित स्थान मिल सके। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर समय खराब करने की बजाय अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करें। नूंह, मेवात की उच्च संस्कृति, लोक कलाओं को आगे बढ़ाने का काम करें। शिक्षा के क्षेत्र में भी जिला को आगे बढ़ाने के काम में सहयोग करें। इसी प्रकार अगर कोई व्यक्ति आपराधिक गतिविधि में शामिल है या फिर किसी प्रकार की अफवाहों को बढ़ाने का काम कर रहा है, तो उसकी जानकारी भी पुलिस प्रशासन को दें। सभी रिटायर्ड कर्मचारी आपस में जुड़े रहें तथा अपने एरिया में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं। समाज सेवा के कार्यों से जुड़े तथा जिंदगी व नौकरी के अनुभव से अन्य लोगों को अवगत कराएं। समुदाय की भलाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य व विकास कार्यों में सहयोग की भूमिका निभाएं। दहेज प्रथा खत्म करने के लिए मुहिम चलाएं, इसे रोकने के लिए सामाजिक जागरुकता बहुत जरूरी है। प्रशासन के साथ अपने कनेक्टिविटी बनाए रखें। इस बैठक में उपस्थित सभी रिटायर्ड व्यक्तियों ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को सामाजिक कार्यों में भागीदारी करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

#### आपसी भाईचारे को बनाएं मजबूत, नशे से बचें व खेलों से जुड़ें युवा : नरेंद्र बिजारनिया

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने कहा कि पहले सामाजिक ढांचा काफी मजबूत था और छोटे-मोटे मामलों का निपटारा सामाजिक स्तर पर बड़े-बुजुर्ग कर देते थे, जिसे सब लोग मानते भी थे। हमें अपने आसपास होने वाले छोटे-मोटे विवाद से बचना चाहिए और उसका निपटारा भी सामाजिक स्तर पर ही कर देना चाहिए। कोई बड़ी बात होती है तो उसकी जानकारी जल्द पुलिस को देनी चाहिए, ताकि समय रहते उचित व्यवस्था कायम की जा सके। इसी प्रकार सभी को सामाजिक स्तर पर युवाओं को नशे से बचाने के लिए काम करना होगा। इसके लिए नशे से आदी लोगों की जानकारी संबंधित क्षेत्र के थाना या पुलिस विभाग को दी जाए, ताकि उस व्यक्ति को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से उचित इलाज करवाकर उसका नशा छुड़वाया जा सके। अगर कोई व्यक्ति नशे की तस्करी में लिप्त है तो उसकी भी सूचना पुलिस को दी जाए, ताकि उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा सके। हमें नशे की चेन तोडऩे के लिए काम करना है, जिसमें सेवानिवृत व्यक्ति काफी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

---

# वार्ड में व्याप्त समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने किया रोड जाम

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**



तावडू। शहर के वार्ड नंबर 1 व 2 बालापीर कलोनी निवासियों ने नगरपालिका की कार्यशैली से परेशान होकर गुरूवार को पटौदी रोड जाम कर दिया। इस जाम में लगभग एक घंटे तक वाहन फसे रहे। वार्डवासियों ने पुलिस के बार-बार समझाने पर भी जाम नहीं खोला। जिस पर शहर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच रोड जाम खोलने का लोगों से आहवान किया और समस्या को लेकर स्थानीय एसडीएम से मिलने को कहा। वार्डवासियों ने बताया कि उनके वार्डों में नगरपालिका के सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं। पिछले कई वर्षों से वार्डों की गलियों में गंदा पानी भरा रहता है। जिसका मुख्य कारण नगरपालिका द्वारा सडक किनारे बनाए गए नालों का लेवल सही से नहीं किया गया। जिससे पानी जिन पाईपों से निकलता है, वह ब्लाक हो गए हैं। वार्डवासियों ने बताया कि उनके वार्डों में सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं। इस समस्या को लेकर वह 15-20 बार संबंधित विभाग को शिकायत कर चुके हैं। गत 6 माह पहले एक छोटी बच्ची गंदे पानी में से निकलते समय गटर में गिर गई थी। जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई थी।

### एसडीएम ने दिया आश्वासन जल्द कर दिया जाएगा समस्या का समाधान



शहर थाना प्रभारी के समझाने पर वार्डवासी स्थानीय एसडीएम से मिले। जहां एसडीएम संजीव कुमार ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान जल्द करा दिया जाएगा। इस दौरान नगरपालिका सचिव अंजल वायु भी मौजूद रही।

---

रोड सेफ्टी परीक्षा को लेकर डीएसपी ट्रैफिक ने की बैठक

# बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करना परीक्षा का मुख्य उद्देश्य : ओमप्रकाश

**आस मोहम्मद , भरोसा मित्र**



नूंह। डीएसपी ट्रैफिक ओमप्रकाश द्वारा गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सभी रोड सेफ्टी कमेटी के सदस्यों के साथ 13 अक्टूबर को आयोजित होने वाली रोड सेफ्टी परीक्षा को लेकर मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें ट्रैफिक इंस्पेक्टर बाबूलाल ने सभी को परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए । एस एच ओ ट्रैफिक नूह अशोक कुमार जी , एस एच ओ ट्रैफिक केएमपी ने सभी को इस परीक्षा को सफल बनाने के लिए अनुरोध किया ।उन्होंने कहा कि यह परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है बल्कि बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करना है। प्रत्येक वर्ष 5 लाख से अधिक रोड एक्सीडेंट होते हैं जिनमें ज्यादातर युवा होते हैं ।यदि बच्चों को अभी से ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा तो वो बड़े होकर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएंगे और हम इस प्रकार से रोड पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं । 13 अक्टूबर को लेवल एक, लेवल दो और लेवल 3 के लिए परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा । इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी 27 अक्टूबर को होने वाली खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और फिर खंड स्तर के प्रतियोगिता के विजेता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । सभी स्तरों पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा । कुसुम मलिक ने बताया की बच्चों की इस परीक्षा के लिए सभी अध्यापक तैयारी करवा रहे है ताकि बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारेमे जागरूक किया जा सके । जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने कहा की सभी विद्यालयों में परीक्षा का बहुत गंभीरता से सफल आयोजन करवाया जाएगा । इस मौके पर सभी खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी, रोड सेफ्टी कमिटी के सदस्य, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक उपस्थित रहे ।

---

# पुलिस ने खोये हुए 45 मोबाइल उनके असल मालिकों को सौंपे

### नूंह पुलिस ने अब तक लगभग 48 लाख रुपए के 297 मोबाईल किए बरामद

**आस मोहम्मद , भरोसा मित्र**



नूंह। नूंह पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला नूंह में थाना साइबर क्राइम नूंह प्रभारी विमल कुमार व साईबर सैल प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार की टीम द्वारा माह जून से माह सितंबर 2023 में खोये हुए लाखों रुपए कीमत के 45 मोबाइल फोनों को ट्रेस कर बरामद किया है । बरामद मोबाईल अलग-अलग कम्पनी के थे । जिनकी कीमत करीब आठ लाख रुपए है। पुलिस ने बताया कि उपरोक्त टीम ने वर्ष 2021 से अब तक करीब 48 लाख रुपए के 297 मोबाइलों को ट्रेस करके उनके असल मालिकों के हवाले किया है ।उपरोक्त खोए हुए मोबाइल फोनों के असल मालिकों को निरीक्षक विमल राय ने अपने कार्यालय में बुलाकर उनके मोबाइल फोन को उनको सौंपा । खोये हुये मोबाईलों को पाकर मोबाईल मालिकों के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली तथा उन्होंने पुलिस द्वारा उनके खोये हुये मोबाईल बरामद कर सौंपने पर नूहँ पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए नूंह पुलिस की प्रशंसा की ।

---

# भूल न जाना टिकाकरण जरूर करवाना...

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**




तावडू। एस आर एफ फाउंडेशन व एमवे पिछले कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर तावडू के 29 गांवो में कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए यह प्रोग्राम चला रही है। जिससे गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिल सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक किया जा सके। इसी के चलते सभी गांवो टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य है की महिलाएं टिकाकरण के प्रति जागरूक नहीं होती और समय पर टीकाकरण न करने पर बच्चें और गर्भवती महिलाएं बीमारी का शिकार हो जाती है। इसलिए यह प्रोग्राम गुरूवार को उपमंडल के गांव गोगजाका और कलियाकी में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य है की सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता को उजागर करना। ताकि हर व्यक्ति को टीकाकरण निवारणीय रोगों से बचाया जाना सुनिश्चित किया जा सके। ताकि लोग बहुत सी बीमारियों से बच सके जिसमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, पोलियो, खसरा, बाल्यावस्था में होने वाले तपेदिक का गंभीर प्रकार हेपेटाइटिस बी और निमोनिया और यूआईपी के तहत नए टीके जैसे कि रोटवायरस टीका आई वाई पी टीका और खसरा रूबेला शामिल है जो सरकार के द्वार फ्री लगाया जाता है टीकाकरण इन सभी बीमारियों से होने वाली मृत्यु से सुरक्षित करता है। एस आर एफ फाउन्डेशन के कार्यक्रम अधिकारी गुणानिधी मलिक ने बताया है की हम यह प्रोग्राम सभी गांवों में चलाया जा रहा है।
जिससे सभी लोग जागरूक हो सके और उन्होंने बताया की गांव के लोग अपने बच्चों और गर्भवती महिलाएं समय पर टिकाकरण नही कराते है। जिससे बहुत सी बीमारियां के शिकार हो जाती है और कुछ लोगो की मृत्यु हों जाती। इसलिए एस आर एफ फाउन्डेशन व एमवे स्वास्थ विभाग के साथ मिलकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

---

बाल महोत्सव — दूसरे दिन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा

# नूंह के बच्चों में प्रतिभा के कोई कमी नहीं : करण सिंह

### बाल कल्याण परिषद बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए दे रहा मंचः कमलेश शास्त्री

**आस मोहम्मद , भरोसा मित्र**





नूंह। जिला स्तरीय बाल महोत्सव 2023 के दूसरे दिन आज जिले के लगभग 500 विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, क्लासिकल एकल नृत्य, बेस्ट ड्रामेबाज, स्केचिंग ऑन द स्पॉट आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशिक्षणाधीन प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह एचसीएस व हरिराम एचसीएस तथा उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर प्रतिभागियों को अपना आशीर्वाद दिया। अतिथियों का कार्यक्रम में आने पर जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने स्वागत किया। विदित हो की 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक सरदार गुरमुख सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल नूंह में जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा प्रथम से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी अलग अलग चार समूहों में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशिक्षणाधीन प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अपने हुनर को हर मंच पर प्रदर्शित करना चाहिए तभी उनके प्रदर्शन में वांछित निखार आ पाएगा। प्रशिक्षणाधीन प्रशासनिक अधिकारी हरिराम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को देखकर मुझे बेहद खुशी हो रही है और मैं ईश्वर से यही कामना करता हूं कि ये निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहें। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने कहा कि मैं इस बात से अत्यंत खुशी महसूस कर रहा हूं कि जिले के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी बाल महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का खुले मन से प्रदर्शन कर रहे हैं।अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी जीएस मलिक एवं जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर अशरफ मेवाती ने मंच संचालक, निर्णायक मंडल में शामिल मंजू रानी, कोमल, राहुल, सुलक्षणा अहलावत, रश्मि, पिंकी यादव, ओमवीर, अलका यादव व राहुल सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक एवं जिला बाल कल्याण परिषद से लोकेश कुमार, अनिल दांगी, प्रदीप, लोकेन्द्र, दीपक, मुकेश इकबाल, रिजवान ज्योति, आशा, प्रीति एवं अंजना उपस्थित रहे।

---

# चार लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**



तावडू। उपमंडल के गांव चीला निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही गांव के 4 लोगों पर उसे व उसके परिवार वालों को मारपीट कर चोटिल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर नामजद 4 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव चीला निवासी असपाक ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गांव के अब्दुल्ला उर्फ कालू व तारीफ उर्फ मुन्ना दबंग व्यक्ति हैं। जो उसके साथ रंजिश रखते है व उसे अपने घर के सामने वाले रास्ते से निकलने पर रोक लगाते हैं। जो उसे डराते धमकाते हैं व जान से मारने की धमकी देते है। गत 10 अक्टूबर को सांय साढे 5 बजे के लगभग वह अपने दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ बाईक पर दुकान से सामान लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था। जब वह उक्त के घर के सामने से निकल रहा था तो अब्दुल्ला उर्फ कालू लाठी लेकर खड़ा था। उसने उसे रुकने का इशारा किया। उसने बाईक नहीं रोकी तो उक्त ने उसे मारने के लिए लाठी चलाई। जैसे ही उसने बाईक रोकी तो उसने उसे बाईक से खींचकर जमीन पर पटक दिया व लाठीयों से पीटना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में अब्दुल्ला उर्फ कालू, वापिक, मोईम व तारीफ उर्फ मुन्ना डंडे, लाठी लेकर आ गए। तारीफ उर्फ मुन्ना ने अपने हाथ में ली हुई लाठी उसके पैर में मारकर गंभीर चोट मारी व बाकी ने उसे लात घूसें व लाठियों से पीटा। सूचना मिलने पर उसकी पत्नी अफसाना, ताई बस्सी, बहन रूबीना मौके पर आई और बीच बचाव करने लगी। तो उक्त ने उन्हें भी लाठी डंडों से पीटकर काफी चोटे मारी। झगडे का शोर सुनकर काफी ग्रामीण मौके पर आ गए, जिन्होंने उनका बचाव किया। उसके परिवार वालों ने उन्हें उपचार के लिए अस्तापल में भर्ती कराया। जहां उसकी ताई बस्सी को मेडिकल कॉलेज नल्हड़ के लिए रैफर कर दिया। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर नामजद 4 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर फटाफट

### आईजीयू में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 6 से 8 नवंबर तक आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक विभागों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक छात्र कल्याण डॉ. रवींद्र ने बताया कि प्रथम दिन म्यूजिक, डांस एवं थिएटर से संबंधित स्पर्धाओं के प्रतिभागियों की खोज की गई। दूसरे दिन लिटरेरी एवं फाइन आर्ट से संबंधित प्रतिस्पर्धाओं के लिए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि करीब 150 विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह एवं जोश के साथ अपनी प्रतिभाओं को उजागर किया।

### 125 लोगों को वितरित किया भोजन

रेवाड़ी। लायंस क्लब रेवाड़ी द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। क्लब के ऋषि सिंहल ने बताया की क्लब के प्रोजेक्ट फीड द हंगर के अंतर्गत यह भोजन वितरण कार्यक्रम रखा गया था। मां अन्नपूर्णा संस्थान के सहयोग से सम्पन्न हुए कार्यक्रम में लगभग 125 लोगों ने भोजन व खीर का सेवन किया। इस मौके पर क्लब के प्रधान संदीप गोयल, अभिषेक गुप्ता, हेमंत सिंहल, डा. आदेश सक्सेना, राकेश गर्ग, अतुल अग्रवाल, आलोक सिंहल, मां अन्नपूर्णा संस्था के राजीव गुप्ता एडवोकेट, धर्मपाल गुप्ता, भोजराज डाटा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### रोजगार प्रेरक सेमिनार में दी जानकारी

रेवाड़ी। सतीश पब्लिक स्कूल में रोजगार प्रेरक सेमिनार का आयोजन किया गया। स्कूल के रमन चावला ने बताया कि भिवानी से आए प्रोफ़ेसर दीपक गुप्ता ने 11वीं व 12वीं के बच्चों को विभिन्न उदाहरण देकर अलग-अलग रोजगारों से अवगत कराया तथा उन्होंने विद्यार्थियों को इस बात के लिए भी प्रेरित किया की नौकरी के पीछे ना भाग कर स्वरोजगार की ओर भी ध्यान देना चाहिए। स्कूल की प्राचार्या डा. सुरभि गोयल ने प्रोफेसर का आभार जताया। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजवादी आंदोलन के पुरोधा डा. राममनोहर लोहिया

रेवाड़ी। स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने समाजवादी आंदोलन के पुरोधा डा. राममनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर उन्हे भावभीनी श्रद्धाजंली दी। कपिल यादव, अमन कुमार व अजय कुमार ने भी अपने श्रद्धसुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विद्रोही ने कहा कि डा. राममनोहर लोहिया जीवनभर गांधीवादी व समाजवादी मूल्यों को लेकर आम किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित, आदिवासी, महिला व शोषितों को सत्ता में समान भागीदारी दिलाने की लड़ाई लड़ते रहे। डा लोहिया ने महात्मा गांधी व जवाहलाल नेहरू के नेतृत्व में जहां आाजदी की लड़ाई का आंदोलन एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में लड़ा, वहीं युवावस्था में आजादी आंदोलन के दौर में समाजवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने के लिए लोकनायक जयप्रकाश जैसे साथियों के साथ मिलकर कांग्रेस में सोशलिस्ट गुट बनाकर भविष्य का भारत कैसा हो, इस पर भी व्यापक दृष्टि देश के सामने रखी।

### नुक्कड़ नाटक एवं कविता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति किया जागरुक




रेवाड़ी। दिल्ली रोड़ स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय बालिक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रात- कालीन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में माध्यमिक विभाग के बच्चों ने भाषण, कविता, नुक्कड़ नाटक, समूह गान, समूह नृत्य एवं भाषण आदि अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से दुनियाभर में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने, उसके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की। इस दिन महिलाओं को उनके अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है।कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य विक्रम यादव, शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा, माध्यमिक विभाग अध्यक्षा सुनीता यादव और अध्यापकगण मौजूद थे। प्रधानाचार्य व डीन ने अपने संदेश के माध्यम से लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लड़कियों के सशक्तिकरण और उनके मानवधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देने की आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

# मजदूर के पैन कार्ड पर गाजियाबाद में बनाई फर्जी फर्म, करोड़ों का टर्न ओवर

### कसौला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरु की जांच

भरोसा मित्र ब्यूरो




रेवाड़ी। जिले के गांव सालावास निवासी एक मजदूर के पैन कार्ड का दुरुपयोग कर शातिर लोगों ने उसके नाम पर गाजियाबाद में एक फर्जी फर्म बना डाली तथा फर्म के नाम पर करोड़ों का टर्नओवर कर डाला। आईटीआर भरवाने के दौरान मामले का पता चलने पर मजदूर के होश उड़ गए। शिकायत के आधार पर कसोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव सालावास निवासी गिरीराज ने बताया कि गत दिवस पर अपनी आईटीआर भरवाने गया था। जब सीए ने उसके पैनकार्ड संबंधी डिटेल निकाली तो पता लगा कि उसके पैन कार्ड पर फर्जी आईडी लगाकर गाजियाबाद के सेक्टर-14 में गिरीराज इंटरप्राइजिज नाम से फर्म बनाई हुई है तथा इस फर्म से करोड़ों का टर्नओवर भी किया गया है। इसी माह इस फर्म से करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है। साथ ही फर्जी तरीके से जीएसटी भी भरी हुई है। जिसके उपरांत सारी जानकारी जुटाने के बाद गिरीराज ने रेवाड़ी पुलिस अधीक्षक तथा कसोला थाना पुलिस को शिकायत दी। एसपी के आदेश पर कसोला थाना पुलिस ने फर्जी तरीके से फर्म बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### एसपी के आदेश के बाद हुई एफआईआर दर्ज

फर्म से संबंधित सारी जानकारी जुटाने के बाद गिराजं ने रेवाड़ी एसपी और कसौला थाना पुलिस को शिकायत दी। साथ ही बताया कि उसके पैन कार्ड के गलत तरीके से यूज कर उसके नाम पर ये फर्म बनाई गई है, जिसका करोड़ों रुपए का टर्न ओवर है।साथ ही मांग की गई कि इस फर्म के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। एसपी के आदेश पर कसौला थाना पुलिस ने गिराजं की शिकायत पर फर्जी तरीके से फर्म बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 465, 471 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### 1.59 स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गाँव ढोकिया निवासी अशोक उर्फ रेणु पुत्र राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 ग्राम 59 मिलीग्राम नशीला पदार्थ समैक बरामद किया है।जांचकर्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल रेवाड़ी को सूचना मिली कि अशोक उर्फ रेणु गाँव ढोकिया, जो कि बेरली खुर्द व मुसेपुर सडक पर नशीला पदार्थ समैक बेचने का काम करता है। जो आज बेरली खुर्द व मुसेपुर सडक पर गाँव बेरली खुर्द पर जाने वाले रास्ते पर अपनी स्कूटी को लेकर नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खडा है। सूचना के बाद तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान अशोक उर्फ रेणु पुत्र राजेन्द्र सिंह गाँव ढोकिया के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 1 ग्राम 59 मिलीग्राम नशीला पदार्थ समैक बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना जाटूसाना में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी अशोक उर्फ रेणु को गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला से मोबाईल फोन झपटने को दो आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से छीना हुआ मोबाईल फोन भी बरामद

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। थाना माडल टाऊन पुलिस ने महिला से मोबाईल फोन झपटने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रेवाड़ी के आनन्द नगर निवासी अतुल सक्सैना पुत्र अनिल सक्सैना व श्याम शर्मा पुत्र नरेश कुमार के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बतलाया कि पंजाब के जिला बठिंडा के गांव झुम्बा हाल किरायदार विकास नगर निवासी सखी कौर ने बतलाया कि वह बावल में प्राइवेट कंपनी में काम करती है। 11 अक्तूबर को करीब साढे तीन बजे वह अपनी रुममेट जसप्रीत कौर के साथ बावल से अपने रुम पर जा रही थी। जब वह विकास नगर गली मे पहुचे तो सामने से एक मोटरसाईकिल पर सवार दो लडको ने उसके हाथ से मोबाईल छीन लिया और अपनी मोटरसाईकिल लेकर भाग गए। मोबाईल के कवर मे उसका आधार कार्ड व 600 रुपये भी थे। जिस पुलिस ने महिला की शिकायत पर थाना माडल टाऊन में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# प्रदेश कमेटी के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 16 तक बढ़ी



भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की की ओर से की गई तीन दिवसी हड़ताल को प्रदेश कमेटी के आह्वान पर 16 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। ग्रामीण सफई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान राजकुमार की देखरेख में गत दस अक्तूबर से तीन दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया था। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा सरकार समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करें। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे तथा समान काम के लिए समान वेतन 26 हजार रुपये लागू करे। उन्होंने बताया कि राज्य कमेटी के आह्वान पर हड़तला को 16 अकटुबर पर बढ़ा दिया गया है। इस मौके पर जिला कमेटी सचिव रामचन्द्र, बावल ब्लॉक प्रधान बीर सिंह, नवल, किशोर, रमेश कुमार, संजय, विक्रम आदि मौजूद रहे। मंच संचालन मनोज कुमार ने किया।

### सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शुरु की थी तीन दिवसीय हड़ताल

# महिला का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस ने महिला को चाकू दिखाकर अपहरण करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला गुरुग्राम के गांव राठीवास निवासी संजू राठी उर्फ सौरभ पुत्र महाबीर राठी के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि जिला गुरुग्राम की रहने वाली महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि दिसंबर 2022 में इंस्टाग्राम पर उसकी बात संजू नाम के एक युवक से हुई थी। इसके बाद दोनों की फोन पर भी बात होने लगी। इस साल अप्रैल माह से संजू उस पर शादी करने के लिए दबाव बनाने लगा। उसने शादीशुदा होने की बताकर शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया और उसके पति व बच्चों को जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी उसे घर से उठाकर ले जाने की धमकी देने लगा। जिससे परेशान होकर उसने आरोपी के बारे में अपने पति को भी बताया। उसने आरोपी का मोबाइल नंबर ब्लाक कर दिया तो वह नए-नए मोबाइल नंबर से परेशान करने लगा। परेशान होकर उनके पति ने आरोपी को काल कर फोन नहीं करने के बारे में कहा। आरोपी ने कुछ दिन फोन नहीं किए, लेकिन फिर से परेशान करने लगा। महिला अपने मायके में आई हुई थी। दस अक्टूबर को आरोपी संजू उसके मायके में पहुंच गया और उसे खींच कर कमरे में ले गया। आरोपी ने चाकू लिया हुआ था। आरोपी ने उस चाकू से खुद को भी मारने की धमकी दी। जिस पर वह आरोपी से छुड़ा कर घर से बाहर आई तो आरोपी ने चाकू उसकी गर्दन पर लगा दिया और चाकू दिखा कर एक आटो से सवारियों को नीचे उतार कर उसे उसमें बैठा लिया। जिस पर उसने शोर मचाया तो लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आरोपी वहां से भाग गया। आरोपी उसका मोबाईल भी चोरी कर ले गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में अपहरण, घर में घुस कर धमकी देने व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी संजू राठी उर्फ सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### भारी मात्रा में अवैध रूप से रखे पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला जैनपुरी दुर्गा मन्दिर बारह हजारी निवासी अंकित पुत्र प्रवीण के रूप में हुई हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 28 गत्ता पेटी अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद किए है। जांचकर्ता ने बताया गश्त के दौरान सूचना मिली कि अंकित पुत्र प्रवीण निवासी जैनपुरी दुर्गा मन्दिर बारह हजारी अपनी दुकान के बाहर अनाज मण्डी में सरेआम अवैध रूप से पटाखे बेच रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रैडिंग पार्टी तैयार कर बताई हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान अंकित पुत्र प्रवीण के रूप में हुई। पुलिस द्वारा आरोपी की दुकान की तलाशी लेने पर कुल 28 पेटी अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद हुए। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में विस्फोटक अधिनियम व भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# शिला पूजन कर किया हनुमान जी का ध्वजारोहण

### श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला प्रबंधकारिणी व कलाकारों ने की स्टेज निर्माण की शुरुआत

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। श्री घण्टेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला प्रबंधकारिणी एवं कलाकारों द्वारा पूर्ण विधि-विधान से शिला पूजन कर हनुमान जी का ध्वजारोहण किया गया और स्टेज निर्माण की शुरुआत की गई।

रामलीला के सचिव यादके सुगन्ध ने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान यह ध्वजा फहराती रहेगी और रामलीला मंचन सम्पन्न होने पर हनुमानजी का किरदार निभाने वाले कलाकार द्वारा बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर चढ़ा दी जाएगी। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि रामलीला का मंचन 14 अक्तूबर से श्री गणेश पूजन के बाद शुरु हो जाएगा। उसी दिन मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार के नाटक का मंचन किया जाएगा व विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाएंगे। रामलीला के प्रधान एमपी गोयल ने बताया कि इस वर्ष नई पोशाकों, नए पर्दो व नए सैट के साथ रामलीला की शानदार प्रस्तुति की जाएगी। जिसके लिए कलाकारों द्वारा मेहनत से रिहर्सल की जा रही है।इस अवसर पर रामलीला के मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा, संरक्षक संजय बतरा व रमेश वशिष्ठ, निर्देशक भारत भूषण कश्यप व राजेश पंवार, महेश पटवारी, श्याम सुंदर गुप्ता, डॉ सुभाष गुप्ता, सुरेश सेन, भारत गुप्ता, विकास गुप्ता, ललित सैनी, संजय सैनी, हिमांशु गुप्ता, विजय पंवार, बाबू लाल, मंगत राम, काकी अग्रवाल, जिम्मी, ब्राह्मण समाज के प्रधान चन्द्र शेखर गौतम, नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज, कुशाग्र सुगंध आदि शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार विजेता को मिलेंगे 1.50 लाख

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं 20 नवंबर तक अपने आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारीए महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं।डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्रए कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्रए बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं विभिन क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली एएनएमए एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्सएमहिला खिलाड़ीए राजकीय कर्मचारीएसामाजिक कार्यकर्ता और महिला महिला उद्यमी को 21.21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरस्कार के लिए पात्र अभ्यर्थी 20 नवंबर तक अपने नामांकन जिला कार्यक्रम अधिकारीएमहिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय रेवाड़ी में जमा करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डब्लूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर विजिट करते हुए पुरस्कार के लिए योग्यताएं और शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं।

# बावल को पराजित कर अहीर कॉलेज ने फाइनल में किया प्रवेश

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। स्थानीय केएलपी कॉलेज में चल रही अन्तर महाविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए सेमी फाइनल में राजकीय कॉलेज बावल को पराजित कर अहीर महाविद्यालय की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के चौथे दिन के मुख्य अतिथि पीईबी के पूर्व अध्यक्ष सतेन्द्र प्रसाद अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि कलमकार प्रदीप नारायण रहे। महाविद्यालय कार्यकारिणी के अध्यक्ष अमित गुप्ता व प्राचार्य डा. कविता गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. रामबीर जाखड़ ने बताया कि अहीर कॉलेज रेवाड़ी और गवर्नमेंट कॉलेज बावल के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। गवर्नमेंट कॉलेज बावल ने टास जीतकर बल्लेबाजी को चुना और 17 ओवर में 71 रन बनाकर आल.आउट हो गई। अहीर कॉलेज के शुभम ने चार विकेट लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जवाब में अहीर कॉलेज ने शानदार बैटिंग के चलते 6 ओवर एक बॉल में एक विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सर्वाधिक रन बनाने वाले अहीर कॉलेज केचर्चिल गुप्ता मैन ऑफ दी मैच रहे। कल आरपीएस कॉलेज बलाना व केएलपी के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा।

शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डा. पंकज फोगाट ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान जितेंद्र और संस्कार ने स्कोरर की भूमिका निभाई तो अभिषेक और विकास ने अंपायर की भूमिका निभा। इस मौके पर संदीप खंडेलवाल, कपिल गोयल, हेमंत अग्रवाल, एडीसी स्वप्निल पाटिल की पत्नी मोहिनी पाटिल, महेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

**अभियान** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोल में लगाई पुलिस की पाठशाला

# लाटरी या ईनाम का मतलब पैसे हड़पने का खेल : राहुल

### छात्र-छात्राओं व शिक्षको को साईबर अपराधो से बचावए बारे किया जागरुक

भरोसा मित्र ब्यूरो




रेवाड़ी। साइबर थाना के एसआई राहुल व उनकी टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव खोल में साईबर जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओ व शिक्षको को साईबर अपराधो के बारे जागरूक किया और साईबर अपराधों से बचने के उपाये बताए। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साइबर थाना से एसआई राहुल वा उनकी टीम द्वारा साईबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी गई। जिसमें उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या साईट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझे। साइबर अपराधी आपको पैसे कमाने काए पैसे डबल करने का या अन्य तरीके का प्रलोभन देकर आपकी निजी जानकारी हासिल करते है। जिसके बाद फोन पर ओटीपी भेजकर या अन्य तरीके से आपके खाते को खाली कर देते है। साइबर ठग आपको फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपए का लोन सस्ती दरो पर देने का दावा करते है और आपकी निजी जानकारी हासिल कर आपके खाते से रकम को अपने खाते मे ट्रांसफर कर लेते है। साइबर अपराधी स्मार्ट फोन से मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य तरीको से लोगो के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हडप रहे है जिससे पीडित व्यक्ति को आर्थिक हानि के साथ-साथ कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता है। कोई भी व्यक्ति आपको किसी भी तरह का लॉटरी, ईनाम या अन्य चीजे जीतने का प्रलोभन देता है तो आपको समझना चाहिए की जालसाज आपके खाते से पैसे हड़पना चाहता है। साइबर अपराधियो के इन सब तरीके के बारे मे अपने परिवार को अवगत कराये व उनको साइबर अपराध बारे जागरुक करे। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत प्रभाव से हेल्पलाईन नं0 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाएं।

## खबर फटाफट

### दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को दिए प्रमाणपत्र



**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर में वीरवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कस्टम इंस्पेक्टर सत्यदेव शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव के सरपंच लखीराम यादव ने संस्थान में पहुंचकर सरस्वती माता के चित्र के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राकेश कुमार ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के साथ आगन्तुको का स्वागत अभिनंदन किया। जिसमें संस्थान के वर्ष 2023 के पास आउट छात्र व छात्राओं में कोपा, वेल्डर, वायरमैन व्यवसाय के प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को ट्राफी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कस्टम इंस्पेक्टर सत्यदेव शर्मा ने कहा कि दीक्षांत समारोह एक ऐसा विशेष अवसर होता हैं जिसमें हमारी की गई कड़ी मेहनत को लक्ष्यों की प्राप्ति और सफलता से जुड़ते हुए देखते हैं। किसी भी संस्थान के सफल प्रशिक्षणार्थी ही उस संस्था के ब्रांड एंबेसडर होते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत करने की जरूरत है जिसके बदौलत हर मुकाम हासिल कर सकते हैं। अंत में बच्चों को परीक्षा से संबंधित कई रोचक जानकारी देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर गांव के सरपंच लखीराम यादव, कैप्टन मुनीम खान श्रीराम मेजर, जयवीर जैलदार, अनुदेशक अजय यादव, राजकुमार, राजबीर सिंह, अंकित यादव के अलावा अन्य स्टाफ उपस्थित था।

### गांव मांदी की महिमा यादव ने एचसीएस परीक्षा में पुन पाई सफलता

**नारनौल।** शहर के समीपवर्ती गांव मांदी की महिला यादव ने एचसीएस परीक्षा में दोबारा से सफलता पाई है। इस संबंध में एडवोकेट अजय यादव ने बताया कि 11 अक्टूबर 2023 को हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा एचसीएस का अंतिम रिजल्ट घोषित किया गया।



जिसमें उनकी छोटी बहन महिमा यादव ने 16वां रेंक हासिल कर प्रथम श्रेणी अधिकारी बनने में सफलता पाई। महिमा यादव नारनौल शहर के प्रसिद्ध अधिवक्ता ओम प्रकाश यादव की पुत्री है तथा चौधरी अमर सिंह की पोती है। अधिवक्ता अनिल यादव संचालक श्री राम सीनियर सेकेंडरी नांगल चौधरी की भतीजी है। महिमा यादव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता शिक्षकों के परिवारजनों को दिया है कि व्यक्ति का निरंतर परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र होता है। महिमा यादव ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

### कैथल में भारी संख्या में पहुंचेंगे क्षत्रिय लोग : राकेश तंवर

**मंडी अटेली।** भारी संख्या में 18 अक्टूबर को कैथल में क्षत्रिय एकत्रित होंगे औरविरोध प्रदर्शन करेंगे। गांव में खोड़ में आज एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अशोक चौहान,देवेन्द्र सिंह तंवर, डा. जयसिंह चौहान, संजय सिंह, राकेश सिंह, गजेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे। इस मौके पर राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तंवर ने कहा कि क्षत्रिये सम्राट महिर भोज की मूर्र्ति पर जाति सूचक शब्द लिखने का समाज में बहुत भारी रोष है। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर को कैथल में भाजपा पार्टी का विरोध किया जाएगा। बैठक में अशोक खोड़, राकेश,संजय, विश्वपाल सिंह,देवेन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### अवैध शराब सहित युवक दबोचा

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस ने शराब की अवैध तस्करी पर शिकंजा कसते हुए एक व्यक्ति को शराब सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांव भौड़ी निवासी राजेश अपने कुआं के ऊपर पर सफ़ेद प्लास्टिक के कट्टे में अवैध शराब बेच रहा है पुलिस ने जब छापामारी की तो उसके पास से 11 बोतल देशी शराब बरामद एक गिरफतार किया।

### आधा दर्जन लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** खण्ड के गांव बिहाली में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव का नारनौल सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया तथा भाई की शिकायत पर ससुराल पक्ष के आधा दर्जन लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बिहाली निवासी 27 वर्षीय लक्ष्मी देवी ने गत 10 अक्टूबर की रात अपने ही घर में लगे पंखे पर फांसी का फन्दा डालकर जीवन लीला समाप्त कर ली थी लेकिन उसके मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतका के भाई झाल निवासी सोनू ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि गांव बिहाली निवासी रणधीर सिंह, भूपेन्द्र, मोहनलाल, विद्या, राजेश, निर्मला सभी ने दहेज की मांग करते हुए मौत के घाट उतार दिया। सोनू ने शिकायत में कहा कि उसकी बहन लक्ष्मी की शादी गत वर्ष 27 नवम्बर को रणधीर सिंह गांव बिहाली के साथ हिन्दू रिवाज के साथ हुआ था।

दहेज में 5 लाख रुपये नकद सोने की अंगूठी, सोने की चेन, चान्दी की चेन, चान्दी की अंगुठी बाकि सारा सामान व बड़ी गाड़ी की मांग करने पर दहेज में दिया गया था। सोने चांदी की चेन व टोपस वगैरा दादी, सास, भाई बाप को भी मांग अनुसार दहेज में दिया था। लगभग 10 महीने के अन्दर रणधीर सिंह ने 20 लाख रुपए की गाड़ी की मांग करता रहा जो मांग पूरी ना होने पर लक्ष्मी को प्रताड़ित करता व मार पिटाई करता था। लक्ष्मी जब घर झाल आई तो सारी घटना बताई थी कि रणधीर गाड़ी 20 लाख की मांग करता है और धमकी देता है कि उसे जान से मारूंगा। 10 अक्टूबर को कांटी चौकी से मेरे पिता राजेन्द्र सिंह के पास फोन किया कि आपकी लडक़ी ने सुसाइड कर लिया हैं। मेरे पिताजी अरूणाचल प्रदेश आसाम रेजिमेंट में हवलदार के पद पर ड्यूटी दे रहे हैं। पिता ने मेरे पास फोन पर बताया कि लक्ष्मी ने फांसी लगा ली हैं।

आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने बैठक कर बनाई रणनीति

# 18 अक्टूबर को जन स्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी के निवास का करेंगे घेराव

**बोले, समय रहते सरकार हमारी मांगे मान ले अन्यथा हरियाणा कर्मचारी महासंघ आन्दोलन को तेज करेगा**

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की जनरल मीटिंग राज्य उपप्रधान सुभाष यादव अध्यक्ष्यता में यूनियन कार्यालय इंडस्ट्रियल एरिया नारनौल में हुई। जिसमें मंच संचालन जिला प्रधान श्रीकृष्ण ने किया। आज की मीटिंग का मुख्य ऐजेन्डा आगामी 18 अक्टूबर को जन स्वास्थ्य मंत्री बनवारी लाल के निवास स्थान पर विरोध प्रदर्शन व घेराव किया जाएगा। उसकी तैयारी के लिए यह मीटिंग बुलाई गई है। इस मीटिंग में राज्य उपप्रधान सुभाष यादव ने कहा काफी समय से कर्मचारियों की जायज मांगे लंबित पड़ी हुई है। हरियाणा सरकार एवं जन स्वास्थ्य मंत्री को कई बार पत्राचार के माध्यम से संगठन द्वारा समय मांगा गया। लेकिन इस हिटलर शाही सरकार में मुख्यमंत्री तथा जन स्वास्थ्य मंत्री ने अभी तक संगठन को बुलाकर बातचीत नहीं की बल्कि इन्होंने कर्मचारी विरोधी नीति को अपनाते हुए तानाशाही का परिचय दिया है। इसलिए आगामी 18 अक्टूबर को हरियाणा सरकार के मंत्री बनवारी लाल निवास स्थान का घेराव किया जाएगा। इसमें महेन्द्रगढ़ जिले से सैकड़ों कर्मचारी भाग लेंगे तथा इस गुंगी बहरी सरकार के मंत्री को अपना 5 सुत्रिय मांग-पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाल करना, मेडिकल कैशलैश सुविधा, कौशल रोजगार को भंग करना, पुरानी एक्सग्रेसिया पॉलिसी बहाल करना, निजिकरण पर रोक इत्यादि है। इन मागों को समय रहते सरकार द्वारा मान लिया जाए अन्यथा हरियाणा कर्मचारी महासंघ आन्दोलन को तेज करने का कार्य करेगा। जिससे कर्मचारी सरकार के विरुद्ध जमकर बरसेंगे और सरकार के विरूध इस विरोध प्रदर्शन में कर्मचारीयों द्वारा बढ़-चढक़र भाग लिया जाएगा। मीटिंग में मनोज कैशियर, पवन सैनी, प्रेम फिटर, शेखर सैन, नरेश, पवन कुमार, भूपसिंह, राजेश शर्मा, कुलदिप, जिले सिंह, राजेश, सुरेन्द्र सिंह सरदार, भगवान सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम मनोज कुमार ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण



इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। एसडीएम मनोज कुमार की अध्यक्षता में आज जिला के नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दोनों केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान उनके साथ सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा व मनोरोग विशेषज्ञ डा. अनिल उपस्थित थे।

एसडीएम मनोज कुमार ने जिला बाल कल्याण कार्यालय की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए केंद्र के इंचार्ज को निर्देश दिए की नशा मुक्ति केंद्र में जितने भी नशे के रोगी आते हैं उनका पूर्ण ख्याल रखा जाए। इस दौरान केंद्र का पूरा रिकार्ड चैक किया। इस मौके पर जिला कमेटी के सदस्य जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर बनी हुई कमेटी द्वारा समय-समय इन नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया जाता रहता है। उन्होंने बताया कि जिला में बाल भवन व नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कोई भी नागरिक नशा छुड़वाने के लिए दाखिल हो सकता है। यहां पर बिल्कुल मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाता है।

## मेले के पहले दिन 91 लोगों ने किया विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन

**सभी श्रेणियों के नागरिकों के लिए आज भी लगेगा मेला**

भरोसा मित्र ब्यूरो

कनीना। हरियाणा में गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं चला रखी हैं। इन्हीं योजनाओं के साथ विमुक्त एवं घुमंतू जाति के नागरिकों को जोडऩे के लिए आज नगर पालिका कनीना में एक कैंप का आयोजन किया गया।



एसडीएम सुरेंद्र कुमार ने कैंप का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से बातचीत की। इस कैंप में 91 नागरिकों ने पंजीकरण कराया।यह जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर ऐसे कैंपों व मेलों का आयोजन किया जाता रहता है ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है की अंतिम आदमी तक विकास पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोगों को बार-बार किसी कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े इसीलिए इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में 91 लोगों के आवश्यक दस्तावेज तथा संबंधित 15 विभागों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को भी नगर पालिका कनीना में सभी श्रेणियों के लिए खंड स्तरीय मेले का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार लगातार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर तहसील कल्याण अधिकारी एयर सिंह, संजय यादव स्टेनो, बिजेंद्र कुमार लिपिक, सतेंद्र, कृष्ण कुमार, ललीता देवी,के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

विश्वकर्मा भाई-बहनों को समर्पित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग

# सशक्त व उन्नत भारत के निर्माण में कारीगरों व शिल्पकारों का अहम योगदान : मोनीका गुप्ता

**कहा, जिले में अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा जाएगा**

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। सशक्त व उन्नत भारत के निर्माण में हमारे कारीगरों व शिल्पकारों का अहम योगदान रहा है। ऐसे में इस श्रेणी के लोगों को सम्मान के साथ उन्हें समर्थ बनाते हुए उन्हें समृद्धशाली बनाना है। इस काम के लिए सरकार ने विश्वकर्मा भाई बहनों को समर्पित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पोर्टल खुलते ही इस योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा जाए। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्रालय के सचिव विवेक जोशी के साथ इस योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को दिए।डीसी ने कहा कि अमृत काल के इस दौर में कारीगरों व शिल्पकारों के हाथों के हुनर को पेशेवर औजार देकर इनके जीवन में नया सवेरा लाने का काम किया जाएगा। यह योजना उम्मीद की नई किरण लेकर आई है। योजना से इन्हें उन्नति की नई उंचाई तक इनकी साझीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इससे हमारे कारीगरी को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 4 साल की अवधि के लिए 3 लाख रुपए तक का 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर से कोलैटरल-फ्री लोन प्रदान किया जाएगा। जिला महेंद्रगढ़ के लिए भी जल्द शुरू होगी योजना। उन्होंने बताया कि इसके लिए लाभार्थी नजदीकी सीएससी पर जाकर पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए कोई फीस नहीं। सभी चार्ज भारत सरकार वहन करेगी।

इस मौके पर एडीसी वैशाली सिंह (आईएएस) उपनिदेशक एमएसएमई दिनेश कुमार, एलडीएम विजय सिंह, उधोग विस्तार अधिकारी राहुल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत महिलाओं को 3 लाख तक का दिया जाता है ऋण**

सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाता है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने बताया कि इस योजना का लाभ उन्हीं महिलाओं को दिया जाएगा जिनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से प्रदान किया जाएगा जिसमें 7 प्रतिशत ब्याज महिला विकास निगम द्वारा वहन किया जाएगा।

## हकेवि में क्लाउड कंप्यूटिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**महेंद्रगढ़, भरोसा मित्र।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई। कार्यशाला का आयोजन मैपिंग स्किल एवं अमेजॉन कंपनी के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में रचना शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से न केवल विद्यार्थियों का कौशल विकास होता है बल्कि रोजगार प्राप्ति में भी सहायक होती हैं। कार्यशाला के समन्वयक एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल उपनिदेशक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में रचना शर्मा विशेषज्ञ हैं। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ रचना शर्मा ने क्लाउड कंप्यूटिंग के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार यह रोजगार की संभावनाएं प्रदान करने में सहायक है। क्लाउड कंप्यूटिंग पर आप किस प्रकार से अपने कार्य को सुगमता से कर सकते है। कार्यक्रम के सफल संचालन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उप निदेशक डा. तरुण, डा. कपिल व डा. दिव्या तथा डॉ. आकाश सक्सेना का विशेष सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल छात्र हितो को ध्यान रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

ट्रेनिंग के चौथे दिन पंप चालकों ने किया वाटर ट्रीटमैंट प्लांट का दौरा

# पानी की एक-एक बूंद कीमती, नलों को खुला न छोड़ें उपभोक्ता : अशोक कुमार

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जल जीवन मिशन के तहत जिला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से चल रहे 6 दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन आज बीकेएन बहुतकनीकी संस्थान में दूसरे बैच के 51 प्रतिभागियों को उपमंडल अभियंता अशोक कुमार डागर व जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने प्रशिक्षण दिया तथा नसीबपुर स्थित वाटर ट्रीटमैंट प्लांट की विजिट करवाई। यह जानकारी देते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के ट्रेनर पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रख रखाव का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पंप चालक, फिटर, पलंबर व इलेक्ट्रीशियन को 6 दिन की कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपमंडल अभियंता ने सभी प्रतिभागियों को वाटर ट्रीटमैंट प्लांट में पानी को किस तरीके से शुद्ध किया जाता है उसके बारे में शुरू से अंत तक प्रोसेस बताई। उपमंडल अभियंता ने कहा कि सरकार



नहरी आधारित परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है इसे सहेज कर इस्तेमाल करने की जरूरत है। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने सभी उपभोक्ताओं को नहरी पानी पीने का आह्वान किया। वहीं ट्रेनर आनंद शर्मा ने पाइपलाइन फिटिंग व वाटर ट्रीटमैंट की विजिट के दौरान प्रोसेस के बारे में बताया। इस अवसर पर उपमंडल अभियंता अजय कुमार यादव, बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी अशोक कुमार, बीआरसी निशु, डीपीसी अंकुर, प्रधान रमेश कुमार यादव सहित विभाग के पंप चालक उपस्थित थे।

**स्टार्टर, मोटर व पंप के बारे में दी जानकारी**

नहरी आधारित पानी में सभी प्रकार के मानक उपलब्ध होते हैं जो हमारे शरीर को जरूरत होती है। इस दौरान इलैक्ट्रीशियन रामशरण ने उपस्थितजनों को स्टार्टर, मोटर व पंप के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि यदि हम पेयजल व्यवस्था की समय पर देखभाल करते रहे व अपनत्व की भावना से कार्य करें तो गांव के हर घर को भरपूर पानी उपलब्ध करवा सकते हैं। उपमंडल अभियंता अजय कुमार यादव ने उपस्थितजनों को पेयजल की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने नलों पर टूंटी अवश्य लगानी चाहिए इससे पेयजल की बर्बादी नहीं होती वही पानी भी शुद्ध रहता है।

## करीरा के जितेंद्र कुमार बने एसडीएम

**कनीना, भरोसा मित्र।** उपमंडल के गांव करीरा निवासी जितेंद्र कुमार एसडीएम बन गए हैं। जिससे गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जितेंद्र कुमार के पिता जय सिंह यादव एक किसान हैं। जितेंद्र के पिता जय सिंह ने जानकारी देते हो बताया कि जितेंद्र प्रारंभ से ही पढऩे में बहुत रुचि रखता था। वर्ष 2005 में जितेंद्र कुमार ने नेवी की नौकरी ज्वाइन की और वर्ष 2020 में वह सेवानिवृत हो गए उसके बाद उन्होंने दोबारा से पढ़ाई करने शुरू की वह एचसीएस वर्ष 2022 के बैच में सिलेक्शन हुआ और 4 महीने पहले उन्होंने कलानौर में पंचायत अधिकारी के तौर पर नौकरी ज्वाइन की।

गुरुवार को जितेंदर कुमार की एसडीएम पद पर पदोन्नति हो गई है। एसडीएम पद पर पदोन्नति होने पर विधायक सीताराम यादव ने फोन पर उनको बधाई संदेश दिया। इस दौरान सरपंच सपना यादव, अधिवक्ता बजरंग विनोद यादव, कैप्टन सुमेर सिंह, हवा सिंह, खुशीराम थानेदार, अजय कुमार, मास्टर नरवीर सिंह, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान दीपक चौधरी, ब्लॉक प्रधान नीरज यादव, ब्लॉक समिति चेयरमैन जयप्रकाश यादव, धर्मपाल आचार्य भाला सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

कार्यक्रम — आईटीआई में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है : कृष्ण कुमार

**प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा उदय के तहत राजकीय ब्वाय आईटीआई में आज दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला आईटीआई से वाइस चेयरमैन कृष्ण कुमार ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

कृष्ण कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कोई भी उपलब्धि हासिल करने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जो दुनिया को बदल सकती है। उन्होंने पास आउट छात्रों से कहा कि आगे भी इसी प्रकार मेहनत करके डिजिटल इंडिया बनाने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर आईटीआई



के छात्र छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। संस्थान में वर्ष-2023 में अपने-अपने व्यवसाय में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहे छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही अप्रेंटिस में भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे सभी छात्रों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे सभी छात्रों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने विनोद खनगवाल ने सभी अतिथियों का आईटीआई प्रांगण में पहुंचने पर धन्यवाद किया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा जीवन में निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। दीक्षांत समारोह में मंच संचालन रवि सैनी तथा शक्ति सिंह ने किया। इस अवसर पर अवसर पर अधीक्षक सुनील यादव, उप-अधीक्षक सत्यनारायण, अनुदेशक कप्तान वीरेंद्र सेकवाल, प्लेसमेंट ऑफिसर सुदर्शन कुमार, गुरदयाल, मनीषा यादव, राजेश यादव, अमित कुमार, जगदीश, जसवंत, निधि, मनीषा, राखी, पूनम मनीष, विकास, रोताहश, अरूण, पवन, प्रदीप, यशवन्त हरिश, रमेश अनुदेशिका सहित सभी स्टाफ मेंबर तथा छात्र तथा एनसीसी केडेट्स उपस्थित थे।

## मोहल्ले नई सराय व पुरानी सराय में सांड ने मचाया आतंक, कई घायल

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में एक सांड द्वारा कई लोगों को घायल करने का मामला सामने आया है। देर रात को मोहल्ला वासियों ने मिलकर उस सांड को काबू किया। काबू करने के बाद उसको माता मसानी परिसर में बांध रखा है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पूर्व भी सांड ने कई लोगों को घायल किया था। इनमें से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जिसका जयपुर में इलाज चल रहा है। शहर के मोहल्ला नई सराय व पुरानी सराय में इन दिनों सांडों का आतंक है। इनकी चपेट में आने से दो-तीन दिन में ही करीब 7 से 8 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज जयपुर चल रहा है। नई सराय में एक सांड ने बुधवार शाम को काफी उत्पात मचाया। सांड द्वारा नई सराय में राजू प्रजापत को चोट मारी। इसके बाद सलीम पेंटर, मुकेश हांडी व दिनेश प्रजापत भी सांड की चपेट में आ गए। पुरानी सराय की एक नामालूम महिला भी सांड की चपेट में आ गई। जिसके चलते सभी लोग घायल हो गए।राजू प्रजापत को आसपास के लोगों ने एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जयपुर रैफर कर दिया गया। परिजन बता रहे हैं कि जयपुर में उसका ऑपरेशन होगा। राजू प्रजापत के सर, पांव व हाथों पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दूसरी ओर दो-तीन रोज पहले एक सांड द्वारा मोहल्ला पुरानी सराय निवासी नरेश कुमार को भी घायल कर दिया था। जिसके हाथ व कंधे में फैक्चर आया है।

## खबर फटाफट

### लापता व्यक्ति को हरिद्वार उत्तराखंड से किया बरामद



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता हुए व्यक्ति को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। व्यक्ति अपने घर से 6 अगस्त को बिना बताए निकल गया था। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया। व्यक्ति के नही मिलने पर परिजनों के द्वारा थाना एसजीएम नगर में सूचना दी गई। जिसपर थाना पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर व्यक्ति की तलाश की जा रही थी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट भी कार्रवाई कर रही थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों और तकनीकी माध्यम का प्रयोग करके हरिद्वार उत्तराखंड का पता लगाया। जिसको बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। कैट टीम के द्वारा व्यक्ति से परिजनों के सामने पूछताछ की गई जिसमें उसने बताया कि ग्रह क्लेश के कारण नाराज होकर घर से निकल गया था। व्यक्ति को पुलिस कार्रवाई के बाद सख्त हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया है।

### कपड़े के थैले वितरित किए



**फरीदाबाद ।** साई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पॉलीथीन हटाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक नरेन्द्र जैन ने बताया कि यह अभियान जन सेवक एवं मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ द्वारा शुरू किया गया है और उन्होंने सभी सामाजिक संस्थाओं से इस अभियान से जुडने के लिए आग्रह किया है। इसके तहत कपड़े के थैले भी उनके द्वारा मुहैया कराये जा रहे हैं। कपड़े के थैले वितरण में राजेश अरोड़ा एवं शोभित अरोड़ा का विशेष योगदान रहा। आगामी रविवार को ग्रेटर फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए जाएगें।

### अवैध हथियार से कर रहा था हवाबाजी, गिरफ्तार



**फरीदाबाद ।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अर्पित एनआईटी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सराय ख्वाजा के एरिया से काबू किया है। आरोपी सोशल मीडिया पर देसी कट्टे से हवाबाजी कर रहा था। आरोपी से देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी देसी कट्टा को 3000 में आगरा रेलवे स्टेशन से एक अनजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### लावारिस बाइक मालिक तक पहुंचाई



**फरीदाबाद ।** थाना सुरजकुण्ड प्रभारी की टीम पुलिस चौकी अनखीर ने चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद कर मालिक के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।मुख्य सिपाही सुनिल और ललित गस्त पर थे। गस्त के दौरान बडखल रोड पर लावारिस अवस्था में खडी मिली। मोटरसाइकिल के नम्बर से मोटरसाइकिल के मालिक की जानकारी लेकर संपर्क किया गया। फरीदाबाद सेक्टर-62 के आशियाना रहने वाले असद से बात हुई। असद ने बताया कि यह मोटरसाइकिल मेरी है। 10 अक्टूबर को व्यक्ति बीके अस्पताल में डॉक्टर के पास गया था। मोटरसाइकिल बीके अस्पताल के बाहर खडी की थी। जिसको किसी ने उठा लिया था। असद ने अभी तक पुलिस को कोई सूचना नही दी थी। पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने मोटरसाइकिल को असद के हवाले किया है। मोटरसाइकिल पाकर असद बहुत प्रसन्न हुआ और पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### जिलाधीश ने फसल अवशेष जलाने पर लगाया प्रतिबंध




**फरीदाबाद ।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय दंड सहिता 1973 धारा-144 के अंतर्गत पारित कर जिला फरीदाबाद मे फसल अवशेष व धान की पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने कहा कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय दंड सहिता 1860 की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया कि उप निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से खरीफ फसल की कटाई के बाद जिला में धान की पराली व फसल अवशेष जलाने संबाधी आशंका जताई गई है। इससे पर्यावरण में प्रदुषण व धुंए की स्थिति बन सकती है, जो की जनजीवन के स्वास्थ के लिए खतरनाक है। व्यापक स्तर पर प्रदुषण रोकने के दृष्टिगत यह आदेश पारित किए गए है। उन्होने सभी उपमण्डल मजिस्ट्रेट, संबंधित क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक, उप निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को इन आदेशों की अनुपालना दृढता से सुनिश्चित करने के आदेश दिए है।उन्होने किसानों को भी आवाह्न किया है कि वें खेतों में धान की पराली व फसल अवशेष न जलाएं। बल्कि पराली का उचित प्रबंधन करें या फिर पशुचारे के रूप में इसका उपयोग करे। उन्होने कहा कृषि कार्य से जुड़े संबंधित व्यक्तियों को भी अपने स्तर पर प्रचार प्रसार करें। वहीं किसानों को इन आदेशों के संबंध में अवगत कराया जाए।

# भाजपा राज में छात्राओं के लिए अनेक विकल्प : नरेंद्र

## महिला आईटीआई के दीक्षांत समारोह में विधायक नरेंद्र गुप्ता ने छात्राओं को किया सम्मानित

**विधायक नरेंद्र गुप्ता ने महिला आईटीआई के देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर संस्थान की प्रिंसीपल, समस्त स्टॉफ को बधाई दी**

सात्विक देव भरोसा मित्र



फरीदाबाद, विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा की मोदी-मनोहर सरकार में छात्राओं के लिए अनेक विकल्प मौजूद हैं और अब राजनीति में महिला आरक्षण के बाद महिलाओं की राजनीति में भी भागीदारी बढ़ेगी। विधायक नरेंद्र गुप्ता सैक्टर-18 स्थित महिला आईटीआई के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आईएमसी सोसायटी के चेयरमैन सुखदेव सिंह, भगत सिंह प्रिंसीपल आईटीआई ब्वायज, सुनील यादव, सचिन शर्मा, अशोक कुमार, आदर्श, जेएस सोढ़ी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल संतोष कुमारी ने विधायक नरेंद्र गुप्ता सहित मौजूद अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की छात्राओं की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने महिला आईटीआई के देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर संस्थान की प्रिंसीपल, समस्त स्टॉफ को बधाई दी और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने स्कूल की प्रिंसीपल सहित स्टाफ व अन्य लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज आत्मविश्वास के साथ छात्राएं नए-नए परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई में पढ़ने वाली छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकें इसके लिए सरकार द्वारा कम दरों पर लोन की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी छात्राओं की हौंसला अफजाई की और कहा कि उन्हें गर्व है कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में छात्राएं आईटीआई में प्रशिक्षण के माध्यम से ऊंचाईयां छू रही हैं। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल संतोष कुमारी ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

### डीएलएफ व्यापारियों ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का जताया आभार



50 साल पुरानी रिहायशी लाईसेंस कालोनियों में व्यवसायिक गतिविधियां चलाने की अनुमति संबंधी नीति मनोहर लाल सरकार से बनवाने पर सैक्टर-10 डीएलएफ के व्यापारियों ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का आज उनके निवास पर पहुंचकर आभार व्यक्त किया। सरकार की इस नीति ने अब डीएलएफ के रिहायशी क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियां की जा सकेंगी। बता दें कि यह मामला काफी समय से कोर्ट में भी विचाराधीन था।

भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता से इस मामले में डीएलएफ के व्यापारियों ने भी कई बार मुलाकात की थी। ऐसे में विधायक नरेंद्र गुप्ता के प्रयास से मनोहर सरकार ने पॉलिसी बनाई जिसे मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृति दे दी गई है। इस योजना के पास होने से उन लोगो को राहत मिलेगी जो डीएलएफ के रिहायशी क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियां कर रहे हैं या करने की सोच रखते हैं। इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क उक्त व्यापारियों को जमा करना होगा। इस नीति का उद्देश्य कम से कम 50 वर्षों से आस्तित्व में आने वाली नियोजित योजनाओं के भीतर आवासीय भवनों को व्यवसायिक प्रयोग में बदलने की अनुमति देना है।

### विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच शिविर का आयोजन

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण (एनपीसिबी) कार्यक्रम के तहत डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में वीरवार को विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जिला के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर आमजन की आखों की रोशनी की जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल के लिए उचित चिकित्सा परामर्श दिया गया। सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित जांच शिविर में कार्यालय स्टाफ सहित निगम कर्मचारियों की आंखों, बीपी व शुगर की जांच की गयी। सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित जांच शिविर में सीएमओ डॉ वीरेंद्र यादव ने विश्व दृष्टि दिवस के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरे विश्व मे यह दिवस प्रतिवर्ष अक्टूबर के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है, यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जिसमे हर वर्ष एक नई थीम के साथ उद्देश्य अंधापन और दृष्टि बाधिता की ओर ध्यान आकर्षित करना है। इस बार यह दिवस लव योर आईज एट वर्क यानी काम करते समय अपनी आंखों से प्यार करें की थीम पर आधारित है। जांच शिविर में उप सिविल सर्जन तथा नेत्र चिकित्सक डॉ प्रिया शर्मा ने कंप्यूटर विजन सिंड्रोम का जिक्र करते हुए कहा कि टैबलेट, कंप्यूटर और स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग के साथ आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।

# चार दिन और बढ़ी सफाईकर्मियों की हड़ताल

**हड़ताल तीसरे दिन में प्रवेश कर चुकी है, दिन प्रतिदिन हड़ताली कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है**

सात्विक देव भरोसा मित्र



फरीदाबाद, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने चार दिन हड़ताल और बढ़ाई। अब 16 अक्टूबर तक हड़ताल लगातार जारी रहेगी। यह फैसला कल यूनियन की राज्य कमेटी की बैठक में लिया गया। हड़ताल तीसरे दिन में प्रवेश कर चुकी है। दिन प्रतिदिन हड़ताली कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है। फरीदाबाद जिले में हड़ताल शत-प्रतिशत सफल है। गांव में सफाई का काम बिल्कुल बंद है। गांवों में कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। आज हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने लघु सचिवालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व प्रधान महेंद्र माढोतिया ने की जबकि संचालन जिला सचिव दिनेश पाली कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों को सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया । उन्होंने विकास और पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री जी के साथ 20 अगस्त 2022 को टोहाना तथा 26 दिसंबर 2022 को चंडीगढ़ में विस्तार से वार्ता हो चुकी है। इसके बाद 28 जून 2023 को टोहाना में फिर वार्ता हुई थी। लेकिन ये सभी बातचीत बेनतीजा रही। इसके बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ 13 जनवरी 2023 को अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनिल मलिक की अध्यक्षता में फिर बैठक हुई। उसमें सभी मांगों पर सहमति व्यक्त की गई थी। लेकिन हरियाणा के इन 11हजार सफाई कर्मचारियों को काम करते हुए आज 17 साल हो चुके हैं। इन 17 सालों में 9 साल से माननीय श्री मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री जी की सरकार है। तथा इन 9 वर्षों में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का आर्थिक और सामाजिक और ज्याद गहरा हुआ है।काम पक्का है।और कर्मचारी कच्चे है। ये कब तक चलता रहेगा।आज तक भी सरकार ने इन कर्मचारियों को पक्का करने को लिए नीति नहीं बनाई।उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की फाइल मुख्यमंत्री के कार्यालय में पड़ी हुई है। लेकिन सरकार के स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही। यूनियन की मुख्य मांगों में न्यूनतम 26 हजार रुपया लागू करने । सभी सफाई कर्मचारियों को पहचान पत्र प्रदान दिए जाएं। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिया जाए।

# मूलभूत सुविधाओं को तरसे लोग:भड़ाना

सात्विक देव भरोसा मित्र



फरीदाबाद, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जवाहर कॉलोनी जहां लाखों लोग रहते हैं लेकिन सत्ताधारियों ने इस कॉलोनी के लाखों लोगों को सिर्फ वोट बैंक समझा । यहां की जनता को मूलभूत सुविधाएं कभी नहीं मिली । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने परिवार जोड़ो अभियान के तहत जवाहर कॉलोनी के लोगों की समस्याएं सुनी । उन्होंने कहा कि परिवार जोड़ो अभियान के तहत मैं जवाहर कॉलोनी के हजारों घरों में जा चुका हूं । यहां के अधिकतर लोग बहुत परेशान हैं । उन्होंने कहा कि यहां के दुकानदारों की हालत भी बहुत खराब है । बारिश के मौसम में तीन-चार महीने तो मुख्य सडक़ पर पानी भरा रहता है । जिस कारण उनकी दुकानदारी उस दौरान चौपट रहती है । यहां आए दिन सीवर ओवरफ्लो होता रहता है जिस वजह से स्थानीय निवासी और दुकानदार हमेशा दुखी रहते हैं । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी ने वैसे ही दुकानदारों व्यापारियों का काम चौपट कर दिया है ऊपर से कई तरह की समस्याएं उनका जीवन तबाह कर रही हैं । दुकानदारों का परिवार पालना मुश्किल हो गया है । उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और दुकानदार व्यापारी सब खुश हैं । हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और सभी तरह की सुविधा जनता और व्यापारियों को दी जाएंगी । इस मौके पर जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, सुभाष बघेल, अमित कुमार ,सचिन चौधरी, राम गौर प्रमुख रूप से मौजूद थे ।

### पायलट बन दीपिका अधाना ने किया फरीदाबाद का नाम रोशन : बलजीत



**फरीदाबाद।** एयर इंडिया में बतौर कमर्शियल पायलट नियुक्त होने पर गांव तिगांव की बेटी दीपिका अधाना को बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक ने दीपिका को उसके निवास पर पहुंचकर स्वागत किया और गुलदस्ता भेंट कर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने दीपिका का मुंह मीठा कराया और कहा कि दीपिका ने यह उपलब्धि हासिल करके न केवल तिगांव बल्कि फरीदाबाद का नाम देशस्तर पर विख्यात किया है और पूरे तिगांव सहित फरीदाबाद के लोगों को इस बेटी पर नाज है। उन्होंने कहा कि इरादे अगर प्रबल हो तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, दीपिका ने, जिन्होंने अपनी मेहनत की बदौलत पायलट तक का सफर तय किया और आज पूरे क्षेत्र को इस बेटी की उपलब्धि पर नाज है। इस अवसर पर योगेश अधाना, सुनील अधाना, डा. सौरभव वाईसी प्रेसीडेंट एआईसीसी, प्रवेश अधाना, जगन अधाना, वेदपाल भाटी, अमित भाटी, बिजेंद्र मावी, बाबू अधाना, राजबीर चौहान चेयरमैन, देवेंद्र दीक्षित सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गुस्साईं आशा वर्करों ने डीसी आफिस पर केन्द्रीय गृह मंत्री व मुख्यमंत्री के पुतले जलाए

# बोलीं-आशा वर्कर गिरफ्तारियों से नहीं डरेंगी

**सरकार की बदसलूकियों का समय आने पर माकूल जवाब दिया जाएगा : हेमलता**

सात्विक देव भरोसा मित्र



फरीदाबाद, बुधवार को रोहतक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने पर अपनी मांगों को लेकर उनसे मिलने जा रही आशा वर्करों के साथ की गई बदसलूकी और गिरफ्तारियों से गुस्साईं आशा वर्करों ने बृहस्पतिवार को डीसी आफिस पर केन्द्रीय गृह मंत्री व मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। आक्रोशित आशा वर्कर राजस्थान भवन के सामने पार्क में एकत्रित हुई और वहां से जिला प्रधान हेमलता व महासचिव सुधा के नेतृत्व में गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रतीकात्मक पुतलों के साथ डीसी आफिस तक शवयात्रा निकाली गई और डीसी आफिस के मेन गेट पर पुतला दहन किया गया। इस मौके पर सीआईटीयू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर व महासचिव वीरेंद्र डंगवाल भी मौजूद रहे। सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में बुधवार की बदसलूकियों व आशाओं की गिरफ्तारी की घोर निन्दा की और इस शर्मनाक करार दिया। आशा वर्करों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीसी को सौंपा गया। इस अवसर पर आशा वर्कर यूनियन हरियाणा की उप प्रधान व जिला सचिव सुधा ने कहा कि आशा वर्कर बदसूलकी व गिरफ्तारी से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि 66 दिन की हड़ताल के बावजूद हड़ताली आशा वर्करों के हौंसले बुलंद हैं और जब तक एक एक मांग का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। जिला प्रधान हेमलता ने कहा कि भाजपा जजपा सरकार हड़ताली आशा वर्करों के साथ लगातार बदसलूकी कर रही है। गत 28 अगस्त को विधानसभा सभा मार्च के समय भी आशा वर्करों को राज्य में जगह जगह रोका गया, बदसलूकी की गई और हजारों वर्कर्स को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार का गिरफ्तारियों की पूरी करने के लिए जेल भरो आंदोलन किया तो आशा वर्करों को गिरफ्तार करने से सरकार ने हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि समय आने पर बदसलूकी और गिरफ्तारियों का माकूल जवाब दिया जाएगा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने भी यहां जारी बयान में बुधवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन देने जा रही आशा वर्करों के साथ पुलिस द्वारा की गई बदसलूकी और कई घंटे नाजायज़ हिरासत में रखने की घोर निन्दा की। प्रदर्शन में जिला प्रधान हेमलता, सचिव सुधा, उपप्रधान अनीता भारद्वाज, सुशीला चौधरी, रेखा शर्मा, पुजा गुप्ता, सहसचिव शाहीन परवीन, चंद्रप्रभा, माया, संगीता,कैशियर नीलम जोशी आदि मौजूद रहे।

### अभिषेक ने बढ़ाया समाज का गौरव



**फरीदाबाद।** गांव मंझावली मास्टर दयानंद शर्मा के पुत्र अभिषेक शर्मा गांव मंझावली ग्रेटर फरीदाबाद का सिलेक्शन कॉमर्शियल पायलट के रुप मे इंडिगो व एयर इंडिया मे हुआ है इस खुशी के अवसर पर पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्टीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने गुलदस्ता पटका व भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा बहुत खुशी का कार्य किया है हम सभी के लिए गौरव की बात है सभी बच्चो को शिक्षित व संस्कारवान होना चाहिए ताकि परिवार समाज का नाम रोशन हो इस अवसर पर इश्वर नम्बरदार दादा कैलाश भगवत प्रसाद तेजपाल शर्मा दयाचंद पोपसिंह सचिन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक पहल

### नशा मुक्ति अभियान चलाकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिया जनता को दिया सकारात्मक सन्देश : रेनू भाटिया

# समाज को नशामुक्त बनाने में महिला व युवा शक्ति अहम

**विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों की छात्राओं ने साइक्लोथोन के जरिये ड्रग फ्री हरियाणा बनाने का संदेश हर्ष और उल्लास के साथ दिया**

सात्विक देव भरोसा मित्र



फरीदाबाद, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान चलाकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनता को सकारात्मक दृष्टिकोण का सन्देश दिया है। हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए व नशे के विरुद्ध आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 और सैक्टर-15 के सामुदायिक भवन में आयोजन किया गया। जहां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों की छात्राओं ने साइक्लोथोन के जरिये ड्रग फ्री हरियाणा बनाने का संदेश हर्ष और उल्लास के साथ दिया। छात्राओं को साइक्लोथोन में नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्ति बनाने का जो सपना प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देखा है, उसको पूरा करने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना है। नशा समाज में नकारात्मकता का संचार करता है जिसे खत्म करना बेहद जरूरी है। वीरवार को प्रातः 8 बजे हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया की अध्यक्षता में ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर साइक्लोथोन, साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकल रैली का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़ ने सेक्टर 15 मार्किट से किया। महारानी इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन बीआर भाटिया ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों आजादी के अमृत काल में ड्रग्स फ्री हरियाणा का बेहतर सन्देश देने के लिए छात्राओं की अच्छी पहल है। ह्युमन राइट्स कमीशन हरियाणा के चेयरमैन दीप भाटिया ने कहा कि ड्रग्स से हर घर, समाज और राष्ट्र के लिए बहुत बडा खतरा है। ड्रग्स से रक्षा हमें जरूर करनी चाहिए। ड्रग्स कन्ट्रोल मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। इस अवसर पर एसीपी मोनिका ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतें युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाकर देश को खोखला करना चाहती हैं, देश और प्रदेश को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए हमें नशे की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है, साथ ही सरकार द्वारा जारी टोल फ्री 9050891508 नम्बर पर नशे संबंधी कोई भी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने साइक्लोथॉन में भाग ले रही प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साइक्लोथोन रैली में लगभग 1500 विभिन्न स्कूलों और कॉलेज तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों की छात्राओं ने भागीदारी सुनिश्चित की व कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# मंगलसूत्र स्नैचिंग करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**आरोपी से मंगलसूत्र और वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद**

सात्विक देव भरोसा मित्र



फरीदाबाद, क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 जगबीर सिंह की टीम ने स्नैचिंग के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास और रोहित उर्फ चुररी का नाम शामिल है दोनों आरोपी दिल्ली के निहाल विहार के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को तिहाड जेल से प्रोडेक्शन वांरट पर लिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने वारदात के संबंध में सीसीटीवी कैमरे और तकनीकी के सहयोग से आरोपियों का पता लगया। दोनों आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने ओल्ड फरीदाबाद मार्किट से पैदल जा रही एक महिला का सोने का मंगलसूत्र मोटरसाइकिल पर सबार होकर स्नैचिंग की वारदात को 26 सितम्बर को अंजाम दिया था। महिला की शिकायत पर अनजान व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपियों से मंगलसूत्र व वारदात में प्रयोग की गई मोटर साइकल बरामद की गई है। दोनों आरोपी स्मेक व शराब पीने के आदि है। आरोपी अपने शौक की पूर्ति के लिए स्नैचिंग और चोरी की वारदात को अंजाम देते है। दोनों आरोपियो ने दिल्ली में चोरी व स्नैचिंग की 28 वारदातों को अंजाम दिया है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# हरियाणा



## खबर फटाफट

### तेज रफ्तार कार अनियत्रित होकर पेड़ से टकराई,युवक की मौत




**हिसार :** गांव लांधड़ी के समीप अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराने पर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज अग्रोहा के आपातकालीन विभाग में भर्ती करवाया गया। जहां पर एक युवक को मृतक घोषित कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज के सीएमओ ने मामले की सुचना पुलिस को दी। पुलिस ने मोके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज अग्रोहा की मोर्चारी विभाग में रखवा दिया। उसका पोस्टमार्टम गुरुवार दोपहर को किया गया। पारता निवासी हंसराज ने बताया की उसका बेटा अनूप उकलाना के निजी हॉस्पिटल के मेडिकल में जॉब करता था।घायल सुरेवाला निवासी उसका दोस्त अनिल उसी हॉस्पिटल में काम करता था। सुबह उसके घायल होने की सूचना उन्हें मिली।

### पूर्व सरपंच के घर पर चलाई गोलियां



**हिसार:** गांव पिरावाली में देर रात को नशा तस्करों ने पूर्व सरपंच के घर पर फायरिंग की। इस दौरान ईंटें भी जमकर फेंकी गई। डर के मारे पूर्व सरपंच का पूरा परिवार दो घंटे तक खुद के घर में अंदर का ताला लगा कर बैठा रहा। बाद में पुलिस की डायल-112 टीम घटनास्थल पर पहुंची और इसके बाद पूर्व सरपंच व उसके परिजन बाहर आए। पूर्व सरपंच दलीप सिंह ने पुलिस को बताया कि रात देर रात को उनका परिवार घर में सोया हुआ था। इसी दौरान अचानक 10-15 हथियारबंद आदमी आए और घर के बाहर उन्हें गालियां देनी शुरू कर दी। उसके घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। वह डर से बाहर नहीं आए। घर से बाहर नहीं निकले तो ईंट-पत्थर बरसा दिए। तलवार व गंडासी दरवाजे पर मारी। दलीप सिंह ने बताया कि ये गांव में नशा हेरोइन, चिट्टा बेचने का काम करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीडीएलयू में गैर शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती होगी

**सिरसा:** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय यानि सीडीएलयू में गैर शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार से अनुमति मिल गई है। सीडीएलयू में 83 पदों पर गैर शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इनमें से नियमित तौर पर 38 और एचकेआरएन के तहत 45 पदों पर भर्ती होगी। बताया गया कि गैर शिक्षक कर्मचारियों की कमी के कारण विश्वविद्यालय में काफी हद तक काम प्रभावित हो रहा है। नई भर्ती होने से राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### सीएम फ्लाइंग टीम ने छापा मार कर बारूद किया जब्त

**करनाल :** सीएम फ्लाइंग टीम ने गुरुवार को बांसा गांव में बनी पटाखा की अवैध फैक्ट्री के बाद गोदाम पर छापेमारी की है। गोदाम में पटाखों की कई पेटियां बरामद की गई हैं। पाया गया कि यहां पर पटाखे बनाने का काम किया जा रहा था।यहां से भी पटाखे व बारूद सहित अन्य समान को कब्जे में लिया गया है। इससे पहले बुधवारको गांव बांसा के राजेश के खेतों में बने एक मकान पर फ्लाइंग टीम ने छापेमारी की थी और भारी मात्रा में पटाखे और बारूद बरामद किया गया था। इस दौरान कई महिलाएं पटाखे बनाने का काम कर रही थीं। टीम के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि उन्हें काफी समय से अवैध पटाखे की फैक्ट्री की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।

### नाराज आशा वर्करों ने फूंका शाह और खट्टर का पुतला

**जींद :** अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को आशा वर्करों ने बड़ा प्रदर्शन किया। हिसार में मुख्यमंत्री से जनसंवाद करने जा रही आशा वर्कर्स की गिरफ्तारी व रोहतक में अमित शाह को मांगों का ज्ञापन देने जा रही आशा वर्करों को जबरदस्ती पुलिस प्रशासन द्वारा उठाने का जबरदस्त विरोध किया गया। गोहाना रोड पर प्रदर्शन करते हुए पुराने बस अड्डे के सामने गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पुतला फूंका। सीटू नेता संदीप जाजवान, सुरेश करसोला, आशा वर्कर यूनियन की जिला सचिव राजबाला, उमा डूमरखां ने कहा कि आशा वर्कर अपनी मांगों को लेकर 65 दिन से हड़ताल पर हैं। हरियाणा सरकार उनकी कोई खबर नहीं ले रही है। हड़ताल से गर्भवती महिलाएं व जच्चा-बच्चा को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन हरियाणा की सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही।

### दुष्कर्म किया, लाखों रुपए भी ऐंठे

**कैथल :** एक नाबालिक के साथ करीब डेढ़ साल तक युवक ने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये ऐंठ लिए। चीका थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग की मां की शिकायत पर उनके पड़ोसी सौरव के विरुद्ध चीका थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में बताया गया कि शिकायत में बताया कि आरोपित सौरव उसके साथ करीब डेढ़ साल से नाबालिक दुष्कर्म कर रहा है। वह उसे चीका और कैथल के होटल में भी ले जा चुका है। सौरभ के पास उसकी अश्लील वीडियो भी है। इस दौरान धमकी देकर वह उससे करीब 12 लाख रुपये भी ऐंठ चुका है। कभी एक लाख रुपये तो कभी दो लाख लेता था और मना करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मौसम वैज्ञानिकों ने हल्की बारिश होने की संभावना जताई

**चंडीगढ़:** मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि फिर से मौसम का मिजाज बदलेगा और बारिश आने की संभावना है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 13 अक्टूबर को आने के आसार हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार 13 अक्टूबर से ताजा पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित होने की संभावना है। अगले चार दिन के दौरान अब आम तौर पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है।15 अक्टूबर को उत्तर हरियाणा व दक्षिण व दक्षिण-पूर्व हरियाणा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। जबकि 16 अक्टूबर और इसके बाद राज्य में अलग-अलग स्थानों में ऐसी स्थिति देखने को मिल सकती है।पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत में बारिश का अगला दौर 15 व 16 अक्टूबर के बीच देखने को मिल सकता है। इससे प्रदेश में 17 से 20 अक्टूबर की अवधि में भी हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है।

---

अंबाला में बनने वाले एयरपोर्ट का शिलान्यास समारोह

# इतिहास में लिखा जाएगा 15 अक्टूबर का दिन : अनिल विज

**भाजपा कार्यकारिणी की बैठक ली और निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी ली**

भरोसा मित्र

**अंबाला।** यहां बनने वले एयरपोर्ट का शिलान्यास समारोह को लेकर गृह मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को निरीक्षण करके व्यवस्था के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

गृह मंत्री को बताया गया कि अधिकारियों की साथ-साथ कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी भी तय की जा रही है। गृह मंत्री लार्ड महावीर जैन स्कूल के सभागार में एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकारिणी की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हाल ही में अमेरिका से एक एयरलाइन कंपनी उनके पास आई थी। उसने अंबाला से विभिन्न छोटे रुट पर विमान सेवा प्रारंभ करने की इच्छा जताई है, इस संबंध में उन्होंने एविएशन विभाग के पास कंपनी को भेजा है। ताकि इस पर तकनीकी एवं अन्य पहलुओं पर वह विचार कर सके।



विज ने कहा कि 15 अक्टूबर को अंबाला में एयरपोर्ट का शिलान्यास का कार्यक्रम इतिहास में लिखा जाएगा। सब लोग इस ऐतिहासिक क्षण हिस्सा बनेंगे। उहोंने कहा कि 15 अक्टूबर को पहले नवरात्र पर एयरपोर्ट का शिलान्यास समारोह बेहतर हो इसका दायित्व हम सभी पर है। इसके लिए सभी जोर-शोर से समारोह में सफल बनाने में जुट जाएं।

इसके बाद उन्होंने एयरफोर्स स्टेशन के निकट एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह स्थल का मुआयना किया। अनिल विज ने यहां पंडाल, लोगों बैठने, मंच स्थल, पार्किंग स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं की अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह एयरपोर्ट**

गृह मंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट महत्वपूर्ण स्थान पर बन रहा है। अंबाला कैंट कई राज्यों का केंद्र बिंदु है। कई राज्यों से यात्री यहां से विमान सेवा का लाभ ले सकेंगे। अंबाला कैंट में हरियाणा के अलावा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश लगता है।

---

# जींद में महिला समूह संगठन की सदस्य ने किया गोलमाल

**उसने साथी कर्मियों और अधिकारियों को वह झांसा देती रही, पुलिस जांच शुरू**



भरोसा मित्र

**जींद।** डीआरडीए के अंतर्गत हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रहे महिला कलस्टर फैडरेशन की एक महिला सदस्य ने डेढ़ लाख की राशि का गोलबाल कर दिया। जांच में पता चला कि उसने अलग-अलग समूहों से स्वरोजगार के नाम पर पैसे लेकर उनकी किस्त नहीं भरी। यही नहीं,उसने साथी कर्मियों और अधिकारियों को वह झांसा देती रही।

सदर थाना पुलिस ने महिला कलस्टर फैडरेशन की कोषाध्यक्ष की शिकायत पर गांव ढांडा खेड़ी निवासी महिला सुदेश के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस बारे मे संजीवनी महिला कलस्टर की कोषाध्यक्ष सीमा ने बताया कि उनके महिला कलस्टर फैडरेशन में 19 गांवों के 22 ग्राम संगठन मिशन चल रहे हैं। 11 अक्टूबर को वह समूह सखी सुदेश के साथ गांव जुलानी से हंस महिला संगठन गांव ढांडा खेड़ी की बैठक में गई और वहां ग्राम संगठन का कार्रवाई रजिस्टर चेक किया। वहां की महिलाओं ने बताया कि किसी भी बैठक में समूह सखी सुदेश नहीं आती हैं। पता चला कि सुदेश ने ग्राम संगठन से 42400 रुपए लेकर इसमें 20 हजार रुपए का गबन किया है। इसके अलावा उजाला समूह में से 30 हजार रुपए का लोन किया था, इसमें 8 हजार रुपए की किश्त भर दी और 22 हजार रुपए बकाया है। इसी तरह सैयद बाबा समूह से 30 हजार रुपए का लोन किया था। इसमें 10 हजार रुपए भर के 20 हजार रुपए बकाया हैं। जब भी उससे पूछा जाता तो वह टाल देती थी। नारी शक्ति समूह में 17 हजार रुपए कविता को दिलवाए गए हैं और इसमें सुदेश गारंटर बनी हुई है। यह राशि कविता ने जमा नहीं करवाई है। वह कहती कि उसने गूगल-पे से किस्त जमा करवा दी है। रसीद या मैसेज नहीं दिखाया करती थी।

---

### अदालत ने सुनाई दुष्कर्म के दोषी को सुनाई 20 साल की कैद

**नाबालिग को नशा खिला कर पहले बेहोश कर दिया था**



भरोसा मित्र

**जींद।** अदालत ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ उसे 20 हजार जुर्माना भी देना होगा। एडिशनल सेशन जज डॉ. चंद्रहास की कोर्ट ने कहा कि जुर्माना न भरने की सूरत उसे 2 साल की अतिरिक्त कैद काटनी होगी।

जानकारी के अनुसार कोर्ट में चले केस के मुताबिक महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में 25 जून 2021 को एक महिला ने बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को दो लड़कों ने नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने जांच में पीड़िता के बयान लिए गए। लड़की ने बताया कि गांव नगूरां निवासी बबलू तथा एक अन्य नाबालिग लड़के ने बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया। पुलिस ने बबलू और दूसरे नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। जुवेनाइल होने के चलते नाबालिग आरोपी को सुधार गृह में भेज दिया गया और मुख्य आरोपी बबलू को जेल भेज दिया।

---

# नामी स्कूल की छात्राओं के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए

**अभिभावकों की शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के एक फेमस प्राइवेट स्कूल की 50 छात्राओं की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया में अपलोड करने से अफरा तफरी मच गई। सबसे पहले यह फोटो परिवार के पास ही पहुंची। उन्होंने स्कूल को बताया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद परिवार चंडीगढ़ की एसएसपी की शरण ली। इसके बाद इस मामले में आईटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

**कैसे पता चला इस मामले का**

गत10 अक्टूबर को छुट्टी के समय एक छात्रा के पिता जब उसे स्कूल से लेने गए तो वह रोने लगी। उसने बताया पिता को बताया कि एक स्नैपचैट पोर्टल पर उसके और कई अन्य छात्राओं की आपत्तिजनक तस्वीरें शेयर की गई हैं। फिर उन्होंने अपने स्तर पर मामले की तहकीकात की और स्कूल के प्रबंधन से बात की।लेकिन स्कूल ज्यादा गौर नहीं किया।

जानकारी के मुताबिक छात्राओं की ये फोटो स्कूल की वेबसाइट से ही डाउनलोड की गई। इसके बाद इन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आईटी) के जरिए एडिट कर अश्लील बना दिया गया।



जैसे ही पुलिस के पास शिकायत पहुंची तो इसकी गंभीरता को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस के अफसर एक्टिव हो गए। साइबर सेल ने इस स्नैपचैट आईडी को इंटरनेट से हटा दिया है। स्कूल प्रशासन मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल की तरफ से मामले में कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया जा रहा है।

मामले में अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि स्कूल के जिस पोर्टल से यह फोटो डाउनलोड की गई है। उस पोर्टल पर अभिभावक, स्कूल के छात्र और स्कूल स्टाफ जुड़ा हुआ है। इस कारण इस तरह की हरकत करने वाला किसी न किसी तरीके से स्कूल से जुड़ा हुआ है। उसकी पहचान कर जल्द से जल्द उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

---

### दिनदहाड़े युवक की घोंप कर हत्या

**अंबाला:** शहरी में युवक की चाकू घोंप हत्या कर दी। विवाद लड़की को लेकर बताया जाता है। मरने वले कीकी शिनाख्त सिटी के नदी मोहल्ला के निवासी जीतेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह कपड़ा मार्केट में काम करता था।

परिजनों के मुताबिक,जीतेंद्र शाम करीब 5 बजे नए बस स्टैंड अंबाला सिटी पर पानी पी रहा था। इस बीच आईटीआई की एक छात्रा आई और जीतेंद्र को उसने थप्पड़ मारा दिया। इससे तैश में आया जीतेंद्र भी युवती को मारने के लिए दौड़ा। तभी युवती का बॉयफ्रेंड आया और सीधा उसकी गर्दन पर चाकू से वार कर दिया।

आरोप लगाया गया कि है कि जीतेंद्र पर आरोपी युवक के अन्य दोस्तों ने भी हमला किया और फिर फरार हो गए। खून से लथपथ हालत में जीतेंद्र को सिविल अस्पताल अंबाला सिटी लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने खूब हंगामा किया।

---

# हरियाणा के खिलाड़ियों को पूरा इनाम दें सरकार : दीपेंद्र हुड्डा

**हरियाणा में उसी पद पर सुशोभित करने पर दिया जोर**

भरोसा मित्र




**सोनीपत।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज सोनीपत में बरोदा हलके के गाँव भैंसवाल कलां में परवेश मलिक, सुनील मलिक, मुस्कान मलिक, गाँव बिचपड़ी में साक्षी पूनिया, गाँव रिंढाना में पूजा नरवाल के सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत की और 19वें एशियन गेम्स में देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार के समय जब भी कोई खिलाड़ी बड़ा अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतकर आता था तो सरकार पद के साथ ही भरपूर पैसा और लाखों की हाजिरी में उनकी प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम करती थी। उन्होंने बताया कि हुड्डा सरकार के समय पदक लाओ पद पाओ की नीति के तहत 750 से ज्यादा खिलाड़ियों को डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पैक्टर व अन्य अलग-अलग सरकारी पदों पर सीधे नौकरियां दी गई थी। लेकिन, पिछले 9 साल से न तो पदक विजेता खिलाड़ियों को मान-सम्मान मिला न तो पदक लाओ, पद पाओ नीति के तहत सरकारी नियुक्तियाँ मिली।

उन्होंने सरकार से मांग की कि जो खिलाड़ी हरियाणा के हैं, लेकिन दूसरे प्रदेशों से खेलकर देश के लिए पदक जीतते हैं उन्हें भी या तो पूरा इनाम दें या हरियाणा में उसी पद पर सुशोभित करे। दीपेन्द्र हुड्डा ने यह भी एलान किया कि अगर मौजूदा बीजेपी-जेजेपी सरकार ऐसा नहीं करती है तो प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर 'पदक लाओ, पद पाओ' नीति फिर से लागू कर पदक विजेताओं को पद, पैसा और प्रतिष्ठा दी जाएगी।

### सोनीपत में चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से मचा हड़कंप

**सोनीपत :** कुंडली क्षेत्र में चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में गुरुवार को आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। अंदर काम कर रहे कर्मचारी तुरंत बाहर निकले। फैक्ट्री में आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। आग से तैयार व कच्चा माल जल गया है। अग्निशमन विभाग की 8 गाड़ियां आग पर काबू पाने में लगीं।

गांव वाजिदपुर सबौली के पास सनराइज फुटवियर के नाम से चप्पल बनाने की फैक्ट्री है। गुरुवार दोपहर बाद करीब तीन बजे इसमें अचानक इसमें आग लग गई। धुआं उठता देख कर्मचारी जान बचाने के लिए बाहर की तरफ दौड़े। आग फैक्ट्री की ऊपरी मंजिल में लगी थी। कर्मियों ने इसकी सूचना मालिक व अग्निशमन विभाग की टीम को दी। सोनीपत और कुंडली से अग्निशमन विभाग की आठ गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक कर्मचारियों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। संबंधित अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

---

# राजस्थान में आज से दुष्यंत चौटाला के रोड शो के कार्यक्रम शुरू होंगे

**हरियाणा के डिप्टी सीएम 30 गांवों में जनसम्पर्क कर विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करेंगे**

भरोसा मित्र



**जयपुर/चंडीगढ़।** शुक्रवार 13 अक्टूबर से हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला राजस्थान में जन संकल्प यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। वे यहां रोड शो के जरिए स्थानीय लोगों से रूबरू होंगे।

जानकारी के अनुसार दुष्यंत चौटाला 13 अक्टूबर को सूरतगढ़ और नोहर क्षेत्र में क्रमशः फेफाना, नोहर शहर, रावतसर, सूरतगढ़ शहर, राजियासर, बिडवाना, रघुनाथपुरा, जैतसर पुली, सरदारपुरा बिका आदि स्थानों पर जन संकल्प यात्रा करेंगे। वहीं 14 अक्टूबर को डिप्टी सीएम सीकर क्षेत्र में रनोली, पलसाना, गोवटी, डूकिया, अलोदा, खाटू श्याम जी, धींगपुर, जालंद, मांगपुरा, रूलाना, कचरियावास, कुली, चक, कराद, राजपुरा, कांकरा, डांसरोली, धोलासरी, रामगढ़ और दांता में जनसंपर्क करेंगे।

अगले माह नवंबर में होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव को लेकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की यह रोड शो खासा अहम हैं। रोड शो के दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला स्थानीय लोगों से चर्चा करेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही वे सीकर की सफल रैली के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर वे आम लोगो को अपनी पार्टी की नीतियों से अवगत कराएंगे और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश भी डालेंगे। राजस्थान जेजेपी के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय कार्यकर्ता आदि भी उनके साथ मौजूद रहेंगे।

---

### हरियाणा पुलिसकर्मियों के बच्चों को नौकरी देने की तैयारी

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस के कर्मियों के कल्याण को लेकर हुइ चर्चा के दौरान उनके बच्चों को रोजगार और प्रशिक्षण देने पर रिपोर्ट पेश की गई। यह रिपोर्ट डीजीपी शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में हुई वरिष्ठ अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक पेया की गई। इस बैठक में पुलिस कार्यो की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर बताया गया कि पुलिस कर्मियों के बेरोजगार बच्चों को प्रशिक्षण देने तथा रोजगार दिलवाने के लिए पहले चरण में 147 बच्चों की सूची तैयार की गई है। बच्चों की रुचि के अनुरूप कौशल विकास किया जाएगा। बताया गया कि इनका प्रशिक्षण अलग-अलग बैच बनाते हुए शुरू किया जा रहा है। ड्राइविंग के लिए रोहतक तथा हिसार में बच्चों की 10-10 के बैच में ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है।ट्रेनिंग करवाने के लिए बैंक के अधिकारियों के साथ विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए काम किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड के लिए भोंडसी में 15 अक्टूबर से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करवाया जाएगा। इन सभी युवाओं को नौकरी दिलवाने के लिए सीएसआर के तहत भी कंपनियों से टाईअप किया जा रहा है।

---

साहसिक कारनामा | कैथल के एएसआई रामलाल ने किलिमंजारों की चोटी पर फहराए दो ध्वज

# अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी को किया फतेह

**चोटी पर पहुंच कर रामलाल शर्मा ने सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज और फिर लहराया सीएम का दिया हुआ ड्रग फ्री हरियाणा का झंडा**

भरोसा मित्र

**कैथल।** हरियाणा पुलिस के एसआई रामलाल शर्मा ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो फ़तह करके साहस का परिचय दिया है। इससे पहले रामलाल शर्मा अब तक माउंट एवरेस्ट, यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलास, नेपाल की माउंट आईलैंड पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुके हैं। इसके साथ ही समुद्र में साइकिल चलाने का भी विश्व रिकॉर्ड उनके नाम है।

बता दें कि यह चोटी समुद्र तल से 5 हजार 895 मीटर ऊंची है। सब इंस्पेक्टर 7 दिन में इस चोटी पर पहुंचे। उन्होंने चोटी पर पुलिस फ्लैग और तिरंगा फहराया।

खास बात यह रही कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसआई रामलाल को 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा तथा ड्रग फ्री हरियाणा का झंडा भेंट करते हुए शुभकामनाएं दी थी। इसके बाद 4 अक्टूबर को रामलाल ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो के लिए अपनी चढ़ाई शुरू की थी। इसे उन्होंने 10 अक्टूबर को विश्व मानसिकता स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर फतेह कर लिया।




किलिमंजारो चोटी पर पहुंचकर रामलाल ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रहकर अपनी एनर्जी खेल में लगानी चाहिए। उन्हेंने जोर दिया कि युवा वर्ग व्यर्थ के कार्यों में समय नष्ट न करके वे अपनी क्षमता को रचनात्मक कार्यों में लगाए। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा क इससे युवाओं का स्वास्थ्य बेहतर बनेगा और देश उनके सहयोग से प्रगति की ओर तेजी से बढ़ेगा।

**एसपी ने दी शुभकामनाएं**

कैथल की एसपी उपासना ने रामलाल शर्मा को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से न केवल हरियाणा पुलिस बल्कि पूरे प्रदेशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। एएसआई शर्मा की यह उपलब्धि सभी पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। राम लाल ने ड्यूटी के साथ-साथ देश के गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अन्य को भी रामलाल शर्मा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।